


# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शुक्रवार 16 मई 2025 ■ ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष-4 ■ वर्ष -41 ■ अंक-048 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 17 मई 2025 ■ मूल्य-1.00 रुपये

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur
phone: 0771-2543112

# टेरर फंडिंग में जाएगा पाकिस्तान को मिला लोन: राजनाथ



**अहमदाबाद,16 मई।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से पाकिस्तान को किसी भी प्रकार की वित्तीय सहायता दिए जाने का कड़ा विरोध करते हुए चेतावनी दी कि इस प्रकार की सहायता से उसकी धरती से गतिविधियां संचालित करने वाले आतंकवादी संगठनों को वित्त पोषण मिल सकता है। सिंह ने कहा कि आईएमएफ की सहायता का इस्तेमाल इन आतंकवादी संगठनों को वित्तपोषित करने के लिए किया जाएगा। पाकिस्तान को कोई वित्तीय सहायता नहीं दी जानी चाहिए, अन्यथा वह आतंकवाद को वित्तपोषित करेगा। हम चाहते हैं कि आईएमएफ इस पर फिर से विचार करे। राजनाथ सिंह ने एक तीखा बयान जारी किया, जिसमें सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देने के लिए वैश्विक वित्तपोषण के दुरुपयोग पर भारत की चिंताओं को रेखांकित किया गया। भुज में राजनाथ ने कहा कि यह कोई छोटी बात नहीं है कि हमारी एयरफोर्स की पहुँच पाकिस्तान के हर कोने तक है, यह बात पूरी तरह साबित हो चुकी है। आज स्थिति यह है कि भारत के फाइटर प्लेन बिना सरहद पार किए ही, यहीं से उनके हर कोने तक प्रहार करने में सक्षम है। पूरी दुनिया ने देख लिया है कि कैसे आपने पाकिस्तान की धरती पर मौजूद, आतंकवाद के नौ ठिकानों को ध्वस्त कर दिया; बाद में की गई कारवाई में उनके अनेक एयरबेस तबाह कर दिए। रक्षा मंत्री ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान इंडियन एयरफोर्स ने केवल पराक्रम ही नहीं दिखाया है, बल्कि पूरी दुनिया के सामने प्रमाण भी दिया है। प्रमाण इस बात का कि अब भारत की युद्ध नीति और तकनीकी दोनों बदल चुकी है। आपने नए भारत का संदेश पूरी दुनिया तक पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि 'ब्रह्मोस' मिसाइल की ताक़त को तो पाकिस्तान ने ख़ुद स्वीकार किया है। हमारे देश में एक कहावत काफ़ी पुरानी है और वह है - ''दिन में तारे दिखाना''। मगर भारत मे बनी ब्रह्मोस मिसाइल ने पाकिस्तान दुश्मन को रात के अँधेरे में दिन का उजाला दिखा दिया है। भारत के जिस एयर डिफेंस सिस्टम की तारीफ़ हर तरफ़ हो रही है, उसमें डीआरडीओ द्वारा बनाये गए 'आकाश' और अन्य राडार सिस्टम की जबरदस्त भूमिका रही है। जवानों का हौसला बढ़ाते हुए राजनाथ ने कहा कि आपने पाकिस्तान में मौजूदआतंकी बुनियादी ढाँचा के ख़िलाफ़ प्रभावी कारवाई की मगर पाकिस्तान फिर से इस कोशिश में लग गया है कि ध्वस्त हुए आतंकी ढाँचे को फिर से खड़ा किया जाये। वहाँ की सरकार, पाकिस्तानी आम नागरिकों से लिया गया टैक्स, 'जैश ए मुहम्मद' जैसे आतंकी संगठन के आका मसूद अजहर को करीब चौदह करोड़ रुपए देने में खर्च करेगी। जबकि वह संयुक्त राष्ट्र नामित आतंकवादी घोषित है। उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं, 'लश्कर ए तैयबा और जैश ए मुहम्मद' के मुरीदके और बहावलपुर स्थित आतंकी ढाँचे को फिर से खड़ा करने के लिए पाकिस्तान सरकार ने आर्थिक सहायता देने के ऐलान किया है। निश्चित रूप से आईएमएफ से आने वाले एक बिलियन डॉलर के बड़े हिस्से को आतंकी अधोसंरचना को फंड करने में इस्तेमाल होगा। क्या यह आईएमएफ द्वारा जो कि एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन द्वारा अप्रत्यक्ष वित्त पोषण नहीं माना जाएगा? मैं मानता हूँ कि आज के समय में पाकिस्तान को किसी भी तरह की आर्थिक सहायता आतंक वित्तपोषण से कम नहीं है। भारत यही चाहेगा कि आईएमएफ पाकिस्तान को अपनी एक बिलियन डॉलर की सहायता पर पुनर्विचार करे और आगे भी किसी भी तरह की सहायता देने से परहेज करे।

## संक्षेप

### इराकी जहाज के साथ भारत आए पाकिस्तानी को भेजा गया वापस

**नई दिल्ली,16 मई।** भारत की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सतर्कता दिखाई दी है. 12 मई को कर्नाटक के करवार पोर्ट पर पहुंचे विदेशी मालवाहक जहाज पर सवार एक पाकिस्तानी नागरिक को भारत में प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई. जहाज में कुल 18 सदस्य थे, जिनमें 15 भारतीय, 2 सीरियाई और 1 पाकिस्तानी नागरिक शामिल था. जैसे ही पोर्ट अधिकारियों को पाकिस्तानी नागरिक की उपस्थिति का पता चला, उन्होंने तुरंत कार्रवाई करते हुए उसे जहाज से उतरने से रोक दिया. वरिष्ठ बंदरगाह अधिकारी के अनुसार, जहाज के चालक दल में कुल 18 सदस्य शामिल थे, जिनमें 15 भारतीय, एक पाकिस्तानी और दो सीरियाई नागरिक थे. यह जहाज इराक के अल जुबैर बंदरगाह से निकलकर भारत आया था और इसमें बिटुमिन का माल लदा हुआ था.

### तेंदूपत्ता तोड़ने गए युवक पर भालू ने किया हमला

**खैरागढ़,16 मई।** बनबोड गांव में शुक्रवार को तेंदूपत्ता तोड़ने गए एक युवक पर मादा भालू ने अचानक हमला कर दिया. युवक ने किसी तरह भागकर पेड़ पर चढ़कर अपनी जान बचाई, लेकिन हमले में उसका एक पैर गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल युवक की पहचान 23 वर्षीय जितेंद्र चक्रधारी के रूप में हुई है, जो बनबोड का ही निवासी है. जानकारी के अनुसार, घटना उस समय हुई जब जितेंद्र सुबह तेंदूपत्ता तोड़ने जंगल गया था और लौटते समय उसकी मुठभेड़ एक मादा भालू और उसके दो शावकों से हो गई. भालू को देख वह घबरा गया और भागने लगा, लेकिन तब तक भालू ने उसे पकड़ लिया और उसके पैर पर हमला कर दिया. घायल युवक को पहले मुढ़ीपार स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे खैरागढ़ सिविल अस्पताल रेफर किया गया. डॉक्टरों के अनुसार, युवक की स्थिति अब सामान्य है और उसका उपचार जारी है. घटना की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग सक्रिय हो गया है. खैरागढ़ वन मंडल अधिकारी पंकज राजपूत ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि तेंदूपत्ता संग्रहण के दौरान यह हमला हुआ है. घायल को तत्काल प्राथमिक उपचार दिलाया गया है. फिलहाल उसका इलाज खैरागढ़ अस्पताल में चल रहा है.

### पलटने के बाद डीजल टैंकर में लगी आग

**धमतरी.,16 मई।** नेशनल हाईवे 30 पर एक डीजल टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे टैंकर में भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई. इस हादसे में ड्राइवर और हेल्पर आग की चपेट में आए. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को कुरुद अस्पताल में भर्ती कराया. हादसे के बाद हाईवे पर जाम की स्थिति बनी रही. यह हादसा बिरेझर चौकी क्षेत्र के कोड़ेबोड़ में हुआ. जानकारी के मुताबिक, तेज रफ्तार टैंकर रायपुर की ओर जा रहा था, अचानक संतुलन बिगड़ा और वाहन सड़क किनारे पलट गया. हादसे के बाद टैंकर में भीषण आग लगी, जिससे ड्राइवर और हेल्पर आग की चपेट में आए. स्थानीय लोगों और पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए दोनों को बाहर निकाला. फायर ब्रिगेड टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया.घायलों को कुरूद अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां इलाज जारी है. इस हादसे के बाद कुछ देर के लिए एनएच-30 मार्ग पर यातायात बाधित रहा. पुलिस ने राहत और बचाव कार्य शुरू कर स्थिति को नियंत्रित किया.

# मोदी सरकार और बढ़ाएगी सेना की ताकत !

**नई दिल्ली,16 मई।** पाकिस्तान और भारत के बीच तनाव पहलगाम हमले के बाद काफी ज्यादा हो गया। दोनों देशों के बीच युद्ध की स्थिति पैदा हो गयी थी। लेकिन चार दिन तक चले तेज मिसाइल हमलों के बाद दोनों देशों में अपसी सहमति से सीजफायर हुआ। सूत्रों ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद रक्षा बजट में और वृद्धि होने की संभावना है, जिसमें नए हथियारों और गोला-बारूद के साथ-साथ प्रौद्योगिकी की खरीद पर खर्च किया जाएगा। अनुपूरक बजट के माध्यम से 50,000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त प्रावधान का प्रस्ताव रखा गया है। संसद के शीतकालीन सत्र में इसे मंजूरी मिल सकती है। अतिरिक्त आवंटन से सशस्त्र बलों की आवश्यकताओं, आवश्यक खरीद तथा अनुसंधान एवं विकास के लिए प्रावधान किए जाने की संभावना है। सरकारी सूत्रों ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के परिणामस्वरूप भारत के रक्षा बजट में 50,000 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो सकती है। सूत्रों ने बताया कि पूरक बजट के माध्यम से दी जाने वाली यह बढ़ोतरी कुल रक्षा आवंटन को 7 लाख करोड़ रुपये से अधिक कर देगी। वित्त मंत्री

**>> रक्षा बजट में हो सकती है 50000 करोड़ की बढ़ोतरी**



निर्मला सीतारमण द्वारा 1 फरवरी को पेश किए गए 2025/26 के बजट में सशस्त्र बलों के लिए रिकॉर्ड 6.81 लाख करोड़ रुपये निर्धारित किए गए थे। इस वर्ष का आवंटन पहले से ही 2024/25 के 6.22 लाख करोड़ रुपये से 9.2 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि थी। ऑपरेशन सिंदूर, जिसमें भारत ने सीमा पार किए बिना पाकिस्तान के भीतर नौ आतंकी शिविरों को नष्ट कर दिया, ने पाकिस्तान पर भारत की रक्षा क्षमताओं की श्रेष्ठता को प्रदर्शित किया। पाकिस्तान के साथ शत्रुता के दौरान, भारत की बहुस्तरीय वायु रक्षा प्रणाली, जिसमें इसकी स्वदेशी तकनीक भी शामिल है, ने लगभग हर आने वाली मिसाइल और ड्रोन को बेअसर कर दिया। लंबी दूरी की रूसी एस-400 'ट्रायम्फ' प्रणाली के अलावा, भारत ने पाकिस्तानी ड्रोन और मिसाइलों को विफल करने के लिए बराक-8 मध्यम दूरी की एसएएम प्रणाली और स्वदेशी आकाश प्रणाली को तैनात किया। पिकोरा, ओएसए-एके और एलएलएडी गन (निम्न-स्तरीय वायु रक्षा बंदूकें) जैसी युद्ध-सिद्ध वायु रक्षा प्रणालियों का भी उपयोग किया गया।



# सुशासन तिहार : सीतागांव पहुंचे सीएम विष्णुदेव साय

**मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी,16 मई।** छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन तिहार का तीसरा चरण जारी है. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज औचक निरीक्षण पर मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के मानपुर ब्लॉक में सेक्टर सीतगांव पहुंचे हैं. उनके आगमन पर अधिकारियों और स्थानीय लोगों ने गुलाब फूल भेंटकर स्वागत किया. यहां सीएम पेड़ के नीचे चौपाल लगाएंगे और ग्रामीणों से योजनाओं का फीडबैक लेंगे. मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर आज मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के मानपुर विकासखंड अंतर्गत महाराष्ट्र सीमा से सटे सीतागांव में उतरा. मुख्यमंत्री यहां समाधान शिविर में शामिल होने और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का फीडबैक ले रहे हैं. उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा भी उनके साथ मौजूद हैं. सीएम विष्णुदेव साय आए, साथ सौगात लाएङ्ग सुशासन तिहार के तीसरे चरण में मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के सीतागांव पहुंचे सीएम ने लोगों को सौगात दी है. उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा करने के बाद बिजली की समस्या खत्म करने के लिए सब स्टेशन के स्थापना के साथ अन्य घोषणाएं की है.

### मुख्यमंत्री ने की ये घोषणाएं

सीतागांव उप स्वास्थ्य केंद्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में होगा उन्नयन,मोहला में बस स्टैंड और छात्रावास का होगा निर्माण,सीतापुर में हाइ स्कूल का हायर सेकेंडरी स्कूल में होगा उन्नयन,अंबागढ़ चौकी क्षेत्र में 132 केवी सब स्टेशन की होगी स्थापना। बता दें कि 5 मई से 'सुशासन तिहार' के तीसरे चरण की शुरुआत हो चुकी है. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 31 मई तक आकस्मिक दौरे पर निकलेंगे। इस विशेष अभियान के दौरान मुख्यमंत्री किसी भी समय, किसी भी जिले या गांव में अचानक पहुंच सकते हैं.

### मधुमक्खियों के हमले से कर्रेगुट्टा पहाड़ी अभियान में शामिल श्वान रोलो शहीद

**बीजापुर,16 मई।** मधुमक्खियों के हमले से सीआरपीएफ की दो वर्षीय खोजी मादा श्वान रोलो की मौत हो गई। वह छत्तीसगढ़-तेलंगाना की सीमा पर स्थित कर्रेगुट्टा पहाड़ियों में नक्सलियों के खिलाफ चलाए गए अभियान का हिस्सा थीं। इस अभियान में सुरक्षा बलों की टीम से जान गंवाने वाले रोली एकमात्र है। 21 दिनों तक चले इस अभियान में 31 नक्सलियों को मार गिराया। सीआरपीएफ महानिदेशक ने रोलो को मरणोपरांत प्रशस्ति पदक से सम्मानित किया है। अधिकारियों के अनुसार बेल्जियन शेफर्ड नस्ल की रोलो 27 अप्रैल को तलाशी अभियान के दौरान मधुमक्खियों के एक झुंड के अचानक हमले का शिकार हो गई।

# पाकिस्तानी अखबार ने खोल दी शहबाज शरीफ के झूठ की पोल

**करांची,16 मई।** भारत के ऑपरेशन सिंदूर से मुंह की खाए पाकिस्तान अब नए-नए दावे करने में जुटा है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से लेकर रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ और विदेश मंत्री इशाक डार तक लगातार फर्जी दावे कर रहे हैं। विदेश मंत्री इशाक डार ने संसद में कहा कि टेलीग्राफ अखबार ने पाकिस्तानी एयरफोर्स का लोहा माना है और उसे आसमान का अविवादित राजा बताया है। हालांकि विदेश मंत्री इशाक डार के दावे की पाकिस्तान की मीडिया ने ही हवा निकाल दी है। वहीं द डेली टेलीग्राफ ने भी कहा है कि ऐसा कोई लेख उसने नहीं छापा है। दरअसल डार ने ब्रिटेन के अखबार टेलीग्राफ की एक फेक एआई तस्वीर का हवाला देकर पाकिस्तानी एयरफोर्स की तारीफ के पुलिंदे बांधे थे। हालांकि पाकिस्तान के ही अखबार द डॉन ने उनके इस दावे का फैक्ट चेक कर इसे सरासर फर्जी बताया। सोशल मीडिया पर भी लोगों ने टेलीग्राफ की इस फेक तस्वीर को शेयर किया। टेलीग्राफ अखबार के इस पेज को एआई का इस्तेमाल कर तैयार किया गया है। ब्रिटेन के अखबार के डिजाइन और शैली में ही इस फेक पेज को तैयार किया गया था।

# तेलीबांधा चौक पर ट्रक ने स्कूटी सवार युवती को रौंदा, मौत

**रायपुर,16 मई।** राजधानी रायपुर के तेलीबांधा रिंग रोड पर आज सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. एक ट्रक ने स्कूटी सवार 27 साल की युवती को रौंद दिया, जिससे उसकी की मौत हो गई. इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई.



वहीं राष्ट्रीय मार्ग जाम हो गया है. मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है. साथ ही मौके से फरार वाहन चालक को भी पुलिस ने कुछ ही देर में गिरफ्तार कर लिया है. जानकारी के मुताबिक मृतका की पहचान तान्या रेड्डी (27 साल) के रूप में हुई है. वह स्कूटी पर सवार होकर तेलीबांधा से जा रही थी, तभी पीछे से आ रही ट्रक ने स्कूटी को रौंद दिया. इस हादसे में स्कूटी सवार युवती की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं घटना के बाद रिंग रोड पर भारी जाम लग गया, जिसे हटाकर पुलिस रास्ता बहाल करने में जुटी हुई है. फिलहाल इस मामले में पुलिस ने ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है.

# इंडिया गठबंधन कमजोर पड़ गया है: चिदंबरम

**नई दिल्ली,16 मई।** भारतीय राष्ट्रीय विकास समावेशी गठबंधन भारत में कई राजनीतिक दलों का एक बड़ा बहुदलीय राजनीतिक गठबंधन है, जिसका नेतृत्व देश की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस करती है। पिछले काफी समय में इंडिया ब्लॉक में काफी उतार चढाव देखे गये हैं। अब इसके भविष्य को लेकर वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने गुरुवार को इंडिया ब्लॉक के बारे में चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें यकीन नहीं है कि विपक्षी गठबंधन अभी भी बरकरार है। सलमान खुर्शीद और मृत्युंजय सिंह यादव की पुस्तक "कंटेस्टिंग डेमोक्रेटिक डेफिसिट" के विमोचन के अवसर पर बोलते हुए चिदंबरम ने यह भी कहा कि उन्हें लगता है कि इससे यह पता चलता है कि गठबंधन में दरार आ गई है। सलमान खुर्शीद और मृत्युंजय सिंह यादव की किताब ''कंटेस्टिंग डेमोक्रेटिक डेफिसिट'' के विमोचन के मौके पर चिदंबरम ने यह भी कहा कि उन्हें लगता है कि गठबंधन कमजोर पड़ गया है। उनका कहना था, ''भविष्य (इंडिया गठबंधन का) उतना उज्ज्वल नहीं है, जैसा मृत्युंजय सिंह यादव ने कहा। उन्हें लगता है कि गठबंधन अब भी बरकरार है, लेकिन इसको लेकर मैं आश्वस्त नहीं हूं। यह केवल सलमान (खुर्शीद) हैं जो जवाब दे सकते हैं क्योंकि वह 'इंडिया' गठबंधन के लिए बातचीत करने वाली टीम का हिस्सा थे। अगर गठबंधन पूरी तरह से बरकरार है, तो मुझे बहुत खुशी होगी। लेकिन पता चलता है कि यह कमजोर पड़ गया है।'' उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि गठबंधन अब भी कायम रह सकता है, अब भी समय है। पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री के अनुसार, 'इंडिया' गठबंधन एक ऐसी बहुत मजबूत मशीनरी के खिलाफ लड़ रहा है, जिससे सभी मोर्चों पर लड़ा जाना चाहिए। चिदंबरम ने कहा, मेरे अनुभव और मेरे इतिहास के अध्ययन के अनुसार, भाजपा जितना सशक्त रूप से संगठित कोई राजनीतिक दल नहीं है। यह सिर्फ एक राजनीतिक दल नहीं है।



# अब बोली के जरिए होगा उद्योगों को जमीन का आवंटन

**रायपुर,16 मई।** छत्तीसगढ़ में उद्योग लगाने वाले उद्यमियों को अब पहले आओ, पहले पाओ पद्धति से जमीन का आवंटन नहीं होगा. राज्य सरकार ने 2015 के नियम में संशोधन करते हुए अब बोली के माध्यम से उद्योगों को जमीन आवंटन करने का प्रावधान किया है. साय सरकार ने छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम 2015 में संशोधन करने का निर्णय लिया है. नियमों में संशोधन से औद्योगिक क्षेत्रों, लैंड बैंक तथा अन्य भूमि खंडों के आवंटन की प्रक्रिया में और अधिक स्पष्टता व पारदर्शिता आएगी. इसके साथ औद्योगिक निवेशकों को भूमि आवंटन प्रक्रिया को बेहतर ढंग से समझने व लाभ उठाने में सुविधा होगी. राज्य सरकार के द्वारा नियम बदले जाने पर औद्योगिक क्षेत्र की जमीनों पर राजस्व की प्राप्ति होगी. साथ ही निर्धारित अवधि में औपचारिकताओं की पूर्ति जैसे भू-भाटक और अन्य शुल्कों की राशि का भुगतान न करने के मामले कम होंगे. जिन लोगों को अपना उद्योग लगाना है, वह अपने इकाई की स्थापना के अनुसार, उन क्षेत्रों में जमीन ले सकेंगे, जो उनके लिए उपयुक्त होगी. प्रदेश में ऐसे उद्योगपति जिन्होंने विभाग से सब्सिडी दर पर जमीन तो ले ली, लेकिन समय सीमा खत्म होने के बाद भी उत्पादन शुरू नहीं किया है. ऐसी प्रवृत्तियों पर इस संशोधन के बाद रोक लगेगी. अब इस प्रक्रिया से ऐस जरूरतमंद लोग ही आगे आएंगे, जो वास्तव में उद्योग लगाना चाहते हैं. नई उद्योग नीति को लेकर प्रदेश सरकार लगातार निवेश को बढ़ाने का प्रयास कर रही है. ऐसे में लैंड बैंक और भूमि आवंटन को लेकर कोई परेशानी न हो इसे देखते हुए नियमों में परिवर्तन किया जा रहा है. राज्य में औद्योगिक विकास को गति देने और श्रमिकों के कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम, 2015 में महत्वपूर्ण संशोधन किया है. फरवरी में ही इसका अनुमोदन किया गया था. औद्योगिक इकाइयों के लिए पट्टे पर दी गई भूमि के उपयोग और औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिक आवास निर्माण को लेकर नए अवसर प्रदान करता है. इस कदम को राज्य की औद्योगिक नीति को और अधिक निवेशक-अनुकूल बनाने और स्थानीय श्रमिकों के जीवन स्तर को बेहतर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है. नई औद्योगिक नीति लागू होने के बाद साय सरकार लगातार निवेशक सम्मेलन कर उद्योगों को राज्य में आकर्षित करने का प्रयास कर रही है. इसी कड़ी में राज्य सरकार ने नई औद्योगिक नीति में कई संशोधन किए हैं. संशोधन के माध्यम से उद्योगपतियों को राज्य में ''अच्छा और पारदर्शी माहौल मिले इसके प्रयास किए जा रहे हैं.

# सीजेआई गवई ने नारायण राणे को दिया झटका

### कहा- वन भूमि का हस्तांतरण सत्ता के दुरुपयोग का स्पष्ट उदाहरण

**नई दिल्ली,16 मई।** भारत के मुख्य न्यायाधीश भूषण गवई ने अपने पदभार ग्रहण के बाद पहला महत्वपूर्ण निर्णय सुनाया, जो पूर्व केंद्रीय मंत्री नारायण राणे के लिए एक बड़ा झटका साबित हुआ. सुप्रीम कोर्ट ने 1998 में शिवसेना-भाजपा शासन के दौरान लिए गए एक फैसले को रद्द करते हुए पुणे की 30 एकड़ वन भूमि को एक निजी बिल्डर को हस्तांतरित करने के आदेश को निरस्त कर दिया. अदालत ने इस भूमि को वन विभाग को वापस सौंपने का निर्देश दिया है. कोर्ट ने इस मामले को राजनीतिक और प्रशासनिक गठजोड़ के तहत सत्ता के दुरुपयोग का एक स्पष्ट उदाहरण बताया है. इस निर्णय के देशभर में महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ सकते हैं, क्योंकि अदालत ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देशित किया है कि वे संदिग्ध भूमि हस्तांतरणों की जांच करें और एक वर्ष के भीतर कार्रवाई पूरी करें. यह मामला पुणे के कोंढवा क्षेत्र में स्थित 30 एकड़ भूमि से संबंधित है. वर्ष 1998 में, नारायण राणे, जो उस समय महाराष्ट्र सरकार में राजस्व मंत्री थे, के विभाग ने इस भूमि को एक व्यक्ति चव्हाण के नाम आवंटित किया, जिसने इसे कृषि भूमि बताकर गलत दावा किया. चव्हाण ने कुछ ही दिनों में इस भूमि को 'रिची रिच कोऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी' को 2 करोड़ रुपये में बेच दिया. इस लेन-देन के बाद, प्रशासनिक अधिकारियों जैसे पुणे डिविजनल कमिश्नर राजीव अग्रवाल, कलेक्टर विजय मठणकर और डिप्टी फॉरेस्ट ऑफिसर अशोक खडसे ने इसे ''गैर-कृषि'' घोषित कर दिया. रिची रिच सोसाइटी ने एक विशाल आवासीय परियोजना का प्रस्ताव रखा है, जिसमें 1,550 फ्लैट, 3 क्लबहाउस, 30 रो हाउस और 1 शॉपिंग कॉम्प्लेक्स शामिल हैं. यह परियोजना अनिरुद्ध देशपांडे (सिटी ग्रुप), अनिल शेवालेकर (ऑक्सफोर्ड प्रॉपर्टीज) और रहेजा बिल्डर्स के बीच एक संयुक्त उद्यम के रूप में विकसित की जा रही है.पर्यावरण संरक्षण समूह 'सजग चेतना मंच' ने 2002 में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की, जिसके परिणामस्वरूप कोर्ट ने केंद्रीय सशक्त समिति का गठन किया. इस समिति ने स्थल का निरीक्षण किया और एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें राणे और अन्य अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की सिफारिश की गई. हालांकि, केवल अशोक खडसे के खिलाफ ही कानूनी कार्रवाई की गई. वर्तमान में चल रहे कानूनी विवाद के कारण भूमि पर कोई विकास कार्य नहीं हो सका. दिसंबर 2023 में, रिची रिच सोसाइटी ने संशोधित पुरातात्विक रिकॉर्ड प्रस्तुत किए, जिससे वन विभाग की चिंता बढ़ गई. जांच में यह सामने आया कि ब्रिटिश काल के दस्तावेजों में हेरफेर कर अदालत को गुमराह करने का प्रयास किया गया था. जालसाजी की पुष्टि होने के बाद, जनवरी 2024 में इस मामले को सीआईडी को सौंप दिया गया.



### भारत और पाकिस्तान ने 18 मई तक संघर्ष विराम बढ़ाया

**नई दिल्ली,16 मई।** भारतीय सेना ने एक बयान में कहा, "10 मई 2025 को दोनों डीजीएमओ के बीच बनी समझ के अनुसार, सतर्कता के स्तर को कम करने के लिए विश्वास-निर्माण उपायों को जारी रखने का निर्णय लिया गया है। जैसे-जैसे स्थिति आगे बढ़ेगी, हम आपको सूचित करेंगे।" सूत्रों ने बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम को 18 मई तक बढ़ा दिया गया है। इस संबंध में नई दिल्ली और इस्लामाबाद के सैन्य अभियान महानिदेशक (डीजीएमओ) जल्द ही बातचीत करेंगे।

एक नजर



### लंबित मामले जल्द निपटाएं:विजय

**भिलाई, 16 मई।** भिलाई एसएसपी विजय अग्रवाल थाना सुपेला पहुंचे। जहां विवेचकों की बैठक लेकर लंबित मामलों के निराकरण के लिए सात दिनों के भीतर पूरा करने की हिदायत दी है। धोखाधड़ी एवं ठगी के वारदातों को लेकर विवेचकों को मार्गदर्शन दिया। शरीर, संपत्ति से जुड़े अपराधों के निकालने के लिए विवेचको को तरीके भी बताए गए नए कानून में दिए गए प्रावधान अनुसार बीएनएस के तहत दर्ज प्रकरणों को 60 व 90 दिनों में निराकरण करने का निर्देश भी एसएसपी ने दिया है थाने स्तर पर संधारित समस्त रिकार्ड को एक सप्ताह के भीतर अद्यतन करने को कहा गया है दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल ने कहा कि थाने में पहुंचने वाले शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए। फरियादियों को किसी भी प्रकार की दिक्कत ना आए। इसके अलावा थाना क्षेत्र में अवैध कारोबारियों पर अंकुश लगाए धोखाधड़ी के मामलों को लेकर दिए जरूरी निर्देश नए कानून से जुड़े मामलों की समीक्षा भी की अवैध कारोबारियों पर सुपेला पुलिस कसेंगी शिकंजा अन्यथा कार्रवाई होगी। बैठक में रीडर प्रथम निरीक्षक अंबिका प्रसाद ध्रुव, स्टेनो गोकुल राम देवांगन, सुपेला टीआई विजय यादव समेत सभी विवेचक मौजूद थे।

### अवैध क्रियाकलाप,4 पकड़ाए



**भिलाई, 16 मई।** भिलाई नंदिनी थाना क्षेत्र के दो युवक और दो युवती के खिलाफ धारा 170/126,135 (3) बीएनएसएस के तहत जुर्म दर्ज किया है एसपी पदमश्री तंवर ने बताया कि ग्राम अहेरी चौक के पास स्थित मकान में अवैध क्रियाकलाप की सूचना पर नंदिनी थाने पुलिस दबिश देने पहुंची इस दौरान ओम प्रकाश पटेल, बलीराम वर्मा, हेमलता चेलक, धनेश्वरी सेन को पकड़ा गया उक्त युवक युवतियों द्वारा अपने कल्याण कालेज अहेरी स्थित किराये के मकान में अवैध क्रियाकलाप किया जाना पाया गया गिरफ्तार कर न्यायालय भिलाई तीन में पेश किया गया है पुलिस सूत्रों के मुताबिक देह व्यापार के संदेह पर आरोपियों को हिरासत में लिया गया है आरापियों से पूछताछ की जा रही है उधर इस घटना के बाद आरोपियों के समर्थन में कुछ लोग थाने भी पहुंच गए थे।

### नाला-नालियों की सफाई,अतिक्रमण हटवाने महापौर ने संभाला मोर्चा



**दुर्ग, 16 मई।** नगर पालिक निगम महापौर अल्का बाघमार ने सभापति श्याम शर्मा,एमआईसी शेखर चन्द्राकर, शिव नायक,लीलाधर पाल,पार्षद मनोज सोनी के साथ खुद खड़े होकर क्षेत्र की नाली की सफाई कराई।यह नाली कई महीनों से साफ नहीं की गई थी। महापौर ने सभापति श्याम शर्मा, एमआईसी टीम के साथ दीपक नगर वार्ड 23 क्षेत्र का दौरा कर क्षेत्र के आसपास नाली स्लैब को हटवाकर सफाई कराई। इसके बाद दीपक नगर के गलियों के अलावा दीपक नगर से स्टेशन जाने वाली मार्ग से गली न. 2,3,4,5 सहित विभिन्न गलियों का निरीक्षण करते हुए सफाई करवाई। महापौर ने कहा राजनीति नही कार्रवाही करने निकले है,भाजपा,कांग्रेस की बात नही सभी के अतिक्रमण हटाये जायेगे नही होगा कोई भेदभाव।महापौर व सभापति ने दुकानदार से नाली के भीतर कचरा नही डालने की समझाइस के साथ जुर्माना राशि वसूल किया।उन्होंने कहा सभी दुकानदार कचरा डस्टबिन में डाले।सड़क पर बिल्डिंग निर्माण मटेरियल देख नाराजगी व्यक्त करते हुए जुर्माना की कार्रवाही के निर्देश दिए।दीपक नगर क्षेत्र के दुकानदारों को व्यवस्थित ढंग से नाली क्षेत्र सीमा के अंतर्गत करने कहा। साथ ही कहा कि कब्जेधारी नोटिस के बाद भी नहीं हटे तो निगम कार्रवाई करेगी। महापौर अलका बाघमार ने नाली सफाई कार्य में बाधित स्लैब लगाने वालों को 24 घंटे में हटाने कहा।उन्होंने रेवा तालाब की सफाई करवाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये। सुबह निरीक्षण के दौरान पार्षद संजय अग्रवाल,युवराज निकुंभ,गुड्डू यादव, उपायुक्त मोहेंद्र साहू,स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा,उपअभियंता हरिशंकर साहू,उपअभियंता विनोद मांझी,शोएब अहमद,संभव जैन सहित अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहें।

### पैंड क्लीनर से शिवनाथ नदी इंटकवेल के समीप जलकुंभी को निकाला गया

**दुर्ग,16 मई।** नगर निगम दुर्ग ने पैंड क्लीनर के माध्यम से शिवनाथ नदी इंटकवेल के समीप रुके हुए जलकुंभी को निकाला गया इंटकवेल के पहले बने अनिकेत में फंसी हुई जलकुंभी को निकालने में पूर्णरूप से तीन दिवस लगे।बता दे कि नगर पालिक निगम दुर्ग के ऑपरेटर डेमन साहू एवं अमित ताम्रकार हेल्पर द्वारा 3 दिन लगातार पूरी जिम्मेदारी से कार्य को अंजाम देकर निगम हित में सराहनीय कार्य कियाशिवनाथ नदी के इंटकवेल के आस पास जमा जलकुंभी को सफलतापूर्वक निकाला गया है। यह कार्य जलकुंभी के जमा होने के कारण इंटकवेल में पानी के प्रवाह को बाधित होने से रोकने के लिए किया गया,महापौर श्रीमती अलका बाघमार और आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश में यह कार्य पूर्ण हुआ, इसके पश्चात अब पैंड क्लीनर को अनिकेत के उस पार शिफ्ट कर पुलगांव नाला की ओर की जलकुंभी को निकाला जाएगा जो लगातार नदी को बेहतर सफाई किया जाएगा। सफाई कार्य से शिवनाथ नदी इंटकवेल में कचरा फसने की शिकायत नहीं होगी। निगम महापौर श्रीमती अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर कर्मशाला अधीक्षक शोएब अहमद के मार्गदर्शन में उनकी टीम द्वारा जलकुंभी को हटाने के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया।

# फ्यूचर गर्ल्स निशुल्क कोचिंग की छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया:फलेंद्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई, 16 मई।** माय भारत दुर्ग से सम्बद्ध शौर्य युवा संगठन आदर्श ग्राम कोड़िया द्वारा संचालित फ्यूचर गर्ल्स निःशुल्क कोचिंग की छात्राओं ने छग बोर्ड के 10वीं कक्षा के परीक्षा शानदार प्रदर्शन कर गांव का नाम रोशन किया है।

शौर्य संगठन के कार्यक्रम समन्वयक यादवेंद्र साहू ने जानकारी देते हुए बताया बी एजुकेटेड मूवमेंट संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के सहयोग से संगठन के शिक्षा व पुस्तकालय विभाग द्वारा पिछले 6 वर्षों से लगातार बोर्ड कक्षा की छात्राओं के लिए निःशुल्क कोचिंग का संचालन कर रही है जिसमें ग्राम व आसपास की छात्राओं को मुख्य रूप से गणित, विज्ञान एवं अंग्रेजी सहित अन्य विषयों की निःशुल्क कोचिंग दी जाती है एवं कैरियर काउंसिलिंग के साथ उन्हें निःशुल्क स्टेशनरी, पाठ्य पुस्तक सामग्री प्रदान की जाती है। साथ ही छात्राओं को शारिरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए शतरंज, लूडो व कैरम का प्रशिक्षण दिया जाता है एवं नैतिक शिक्षा भी प्रदान की जाती है।हाल ही में छग माध्यमिक मंडल ने 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम जारी किया जिसमें संगठन द्वारा संचालित निःशुल्क कोचिंग की छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया है। निःशुल्क कोचिंग की 22 छात्राओं में सभी छात्राएं उत्तीर्ण हुए एवं 15 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में सफलता हासिल की।जिसमें से योनिता साहू पिता मूलचंद साहू 94, मोनिका भारद्वाज पिता डालेश्वर भारद्वाज 90.5, योगिता साहू पिता मूलचंद साहू 89.67, तुल्लिका साहू पिता जितेंद्र 87.5, चित्रांशी टंडन पिता दयालु राम 87.17 फीसदी अंक के साथ टॉप 5 में जगह बनाई।विशेष उपलब्धि में गणित विषय में योगिता और योनिता ने 100 व मोनिका ने 98 अंक एवं योनिता व तुल्लिका ने विज्ञान विषय में 97 अंक अर्जित किये हैं।शौर्य संगठन के अध्यक्ष फलेंद्र पटेल ने सभी छात्राओं एवं शिक्षकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कहा संगठन के शिक्षा एवं पुस्तकालय विभाग के माध्यम से संचालित प्रत्येक कार्यक्रम एवं योजनाएं प्रतिवर्ष नया कीर्तिमान बना रहा है। निःशुल्क कोचिंग पिछले 6 वर्षों से संचालित है जिसमें प्रत्येक वर्ष उत्तरोत्तर परिणाम मिल रहे हैं। यह कार्यक्रम गरीब परिवार एवं पढ़ाई में रुचि लेने वाली लकड़ियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के साथ बालिका शिक्षा को बढ़ावा में मददगार साबित हो रहा है। उन्होंने कहा शिक्षा समाज के सर्वांगीण विकास की धुरी है और संगठन लगातार इसके लिए प्रयास करती रहेगी।संगठन द्वारा संचालित बी एजुकेटेड निःशुल्क कोचिंग में यादवेन्द्र साहू गणित, सुरेश साहू विज्ञान एवं लक्ष्मी निषाद अंग्रेजी विषय को पढ़ाने के लिए सेवा देते हैं।छात्राओं व संगठन की इस उपलब्धि के लिए बी एजुकेटेड मूवमेंट यूएसए के प्रमुख संजय सर, महेंद्र सर, उदय सर व भारत के राष्ट्रीय समन्वयक दीप कुमार गौर, दुर्ग जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी, जिला पंचायत सदस्य श्रध्दा साहू, माय भारत के जिला युवा अधिकारी नितिन शर्मा, ग्राम कातरो सरपंच जितेंद्र सोनी, गोरकापार मीडिल स्कूल हेडमास्टर खुमान भारद्वाज, कोकड़ी प्राइमरी स्कूल हेडमास्टर संदीप यादव, कांग्रेस नेता चुन्नीलाल चंद्राकर, एसएमडीसी अध्यक्ष आनंद चंद्राकर, कोड़िया के पूर्व प्राचार्य अनिल कुमार गुप्ता, छग युवा जनकल्याण संगठन अध्यक्ष एवं उपसरपंच हनोदा प्रकाश पटेल, दुर्ग जिला निषाद समाज आंकेक्षक मलेश निषाद, गायत्री परिवार कोड़िया प्रमुख उमेश साहू, शौर्य संगठन उपाध्यक्ष चिरंजीव निषाद, सचिव आदित्य भारद्वाज, कोषाध्यक्ष रवि साहू, सुरडोंगर स्कूल व्याख्याता ईशु साहू, दुर्ग कलेक्टर स्टेनों दीपक यादव, बिलासपुर हाईकोर्ट के जितेंद्र दीपक सहित अनेक समाजसेवी व जनप्रतिनिधियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## सभापति प्रणव शर्मा ने सुशासन तिहार झीट में निर्बाध विद्युत आपूर्ति की मांग की



**उतई,16 मई।** छत्तीसगढ़ के भाजपा सरकार द्वारा मनाए जा रहे सुशासन तिहार के माध्यम से आम जनता की शिकायत एवं मांग के ऑनलाइन एवं ऑफलाइन आवेदन पत्र संबंधित समाधान शिविर ग्राम पंचायत झीट में बुधवार को आयोजित किया गया जिसमें जनपद पंचायत पाटन के सर्वाधिक लोकप्रिय सभापति प्रणव शर्मा ने उपस्थित होकर जनता की समस्याओं व मांग पर विषेश रूप से ध्यान देते हुए वर्तमान सबसे बड़े समस्या हाल में हुए आंधी तूफान एवं बारिश से बाधित हुए विद्युत आपूर्ति संबंधित समस्या के समाधान पर तत्काल विभाग के अधिकारियों के ध्यान दिए जाने की मांग की, आंधी तूफान से पाटन क्षेत्र में बहुत से स्थानों पर 24 से 48 घंटे तक विद्युत आपूर्ति बाधित होने के साथ-साथ भारी गर्मी की समस्या और पेय जल आपूर्ति भी बाधित हो गई थी, जिससे लोग बहुत ज्यादा परेशान होते रहे। अचानक आए आंधी तूफान से पाटन क्षेत्र में कई घरों के छप्पर उड़ गए ऐसे मामलों में आर्थिक सहायता संबंधित मुवाउजा राशि राजस्व विभाग द्वारा जल्द से जल्द प्रदान की जाने की भी मांग की गई।

## पांडातराई मंडल अध्यक्ष प्रदीप पूरी गोस्वामी ने कार्यसमिति सदस्यों की घोषणा की



**कवर्धा, 16 मई।** जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी और पंडरिया विधायक भावना बोहरा के मार्गदर्शन में पांडातराई मंडल अध्यक्ष प्रदीप पूरी गोस्वामी ने पांडातराई मंडल के उपाध्यक्ष , महामंत्री , कोषाध्यक्ष और कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा की । पांडातराई मंडल अध्यक्ष प्रदीप पूरी गोस्वामी ने बताया की बीजेपी संगठन का जनाधार बढ़ाना और शासन की योजनाओं का लाभ अच्छे से पहुंचे जिस पर हमेशा ध्यान देना ।

# एकमुश्त संपत्तिकर भुगतान करने पर 6.25 प्रतिशत की मिलेगी छूट



**भिलाई, 16 मई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत स्थित भवन/भूमि स्वामियों को उनके स्वामित्व के भवन/भूमियों पर चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु देय संपत्तिकर पर 31 मई 2025 तक एकमुश्त भुगतान करने पर 6.25 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। जिसका भवन/भूमि स्वामी लाभ उठावें। भवन/भूमि स्वामी अपनी संपत्ति की सही जानकारी संपत्तिकर स्व-विवरणी में अंकित करें। जांच के दौरान असत्य विवरणी पाये जाने पर नियमानुसार 5 गुना शास्ति राशि अधिरोपित की जावेगी। भवन/भूमि स्वामी को वित्तीय वर्ष 2025-26 में बिना अधिभार के स्व-विवरणी प्रस्तुत करने एवं देय राशि जमा करने की अंतिम अवधि 31 मार्च 2026 तक निर्धारित है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के बाद अर्थात 31 मार्च 2026 के पश्चात कुल देय राशि पर 18 प्रतिशत की दर से अधिभार के अतिरिक्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 138 की उपधारा (2-क) के अंतर्गत यदि ऐसा व्यक्ति जिसका दायित्व था, कि वह 31 मार्च के पूर्व स्व-निर्धारण पत्रक प्रस्तुत करे। के द्वारा यह पत्रक प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तो उस पर चूक हेतु एक हजार रुपये की शास्ति अधिरोपित की जाएगी। भूमि/भूमि स्वामी निगम को देय राजस्व करो का समय पर भुगतान करें एवं अनावश्यक कार्यवाही से बचें। अधिक जानकारी एवं ऑनलाइन भुगतान हेतु पोर्टल पर संपर्क कर सकते हैं। नगर निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने सभी संपत्तिकर दाताओं से अपील की है कि अभी 31 मई तक 6.25 प्रतिशत छूट के साथ संपत्तिकर जमा कर सकते हैं। इसके लिए ऑनलाइन भुगतान के साथ-साथ अवकाश के दिनों में भी निगम के मुख्य कार्यालय एवं जोन कार्यालय के काउंटर खुले हैं। अवकाश के दिनों में गर्मी को देखते हुए संपत्तिकर काउंटर सुबह 8 बजे से खुले हैं।

## 77 एमएलडी एवं इंटेकवेल में पुराने नॉन रिटर्निंग वाल बदले जायेंगे

**भिलाई, 16 मई।** नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा क्षेत्र के 6 लाख से अधिक जनसंख्या के नागरिकों को पानी की प्रतिपूर्ति की जा रही है। पानी शिवनाथ नदी इंटेकवेल से सीधे रॉ-वाटर लिफ्ट करके 77 एम.एल.डी एवं 66 एम.एल.डी में लाया जाता है। जिसका रिटर्निंग वाल पुराना हो जाने के कारण लिकेज की संभावना बढ़ गई है। जिसको रोकने के लिए नया रिटर्निंग वॉल 77 एम.एल.डी, 66 एम.एल.डी एवं इंटेकवेल में लगाया जा रहा है। नया इंटेकवेल वॉल के लिए जो पाइप सामग्री आई है, उसके डाया की जांच करने के लिए जलकार्य प्रभारी कार्यपालन अभियंता सुनील जैन एवं सहायक अभियंता बृजेश श्रीवास्तव द्वारा सामग्री का जांच किया जा रहा है। सुनील जैन ने बताया कि रिटर्निंग वाल, इंटेकवेल का एवं 77 एम.एल.डी फिल्टर प्लांट का बदलना आवश्यक है, यह पुराना हो गया है। किसी प्रकार की दुर्घटना न हो, इसलिए हम लोग समय अवधि के अंदर ठीक करा देगें। जिससे गर्मी को देखते हुए नागरिकों को पानी की सप्लाई पर्याप्त मात्रा में किया जा सके। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जनता से अपील की है कि जब हम सुबह भ्रमण के लिए जाते हैं तो अक्सर देखने में आया है कि सार्वजनिक नल से पानी भरने के बाद टोटी बंद नहीं करते हैं या उसको तोड़ देते हैं, जिससे बहुत सा पानी बर्बाद होकर नालियों में गिरता है। कृपया सबसे अनुरोध है कि पानी का एक-एक बूंद बहुत कीमती है इसे व्यर्थ नाली में न बहाएं। जब एक जगह पानी का बहाव ज्यादा हो जाता है तो दुसरे जगह पानी का प्रेशर कम हो जाने से पानी की प्रतिपूर्ति नहीं हो पाती है, सबसे सहयोग की अपेक्षा है।



## आवेदक अगर आवेदन भरने में त्रुटि करें तो अधिकारी करें मार्गदर्शन: चंद्राकर



**रिसाली।** आवेदक अगर त्रुटि पूर्ण आवेदन प्रस्तुत कर रहा है तो अधिकारी-कर्मचारी उसे बताए कि सही लिखे। आवेदक का मार्गदर्शन करें। उसे दोबारा कार्यालय आने विवश न करें। उक्त बाते दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहीं। वे नगर पालिक निगम रिसाली के सुशासन शिविर में पहुंचे थे। गुरुवार को आत्मानंद स्कूल में चौथा शिविर का आयोजन किया गया था। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि नागरिकों को बार-बार कार्यालय का चक्कर न लगाना पड़े इसलिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अधिकारी शिविर हो या फिर कार्यालय इस बात का ध्यान रखें कि आवेदक या शिकायत कर्ता अपनी बात को सही तरह से लिखा है कि नहीं उसे बताकर आवेदन को सही कराएं। भीषण गर्मी में भी शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचने की बात को दुर्ग ग्रामीण विधायक ने अधिकारो के प्रति जागरूक होना परिभाषित किया। उन्होंने ने कहा कि सरकार भी शिविर के माध्यम से शिकायतों का निराकरण कर राहत पहुंचा रही है। विधायक के पहले शिविर को महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू ने संबोधित किया। इस अवसर पर एम.आई.सी जहीर अब्बास, अनिल देशमुख, ममता यादव, डॉ. सीमा साहू, पार्षद मनीष यादव, धर्मेन्द्र भगत, रमा साहू, जमुना ठाकुर, राहुल राय, विलास बोरकर, मण्डल अध्यक्ष अनुपम साहू, राजू जंघेल उपस्थित थे। कक्षा दसवी की परीक्षा में रिसाली का मान बढ़ाने वाली रिहा देवांगन का निगम ने सम्मान किया। विधायक ललित चंद्राकर ने रिहा को शॉल ओढ़ाया। वही महापौर शशि सिन्हा ने पुष्प गुच्छ और श्रीफल देकर सम्मानित किया। आयुक्त मोनिका वर्मा ने पेन भेट की। सुशासन शिविर में 10 वार्डो का कलस्टर तैयार कर लगाया गया था। शिविर में 650 से अधिक लोग पहुंचे थे। विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर व महापौर समेत क्षेत्रीय पार्षदों ने गर्भवती ममता चौरसिया, रीना यादव, पितांजली, अंजली प्रजापति की गोद भराई रश्म की। वही विधायक ने गौरंग यादव, भूमिका यादव, पूनम सोनी व दिव्यांश रात्रे को सुपोषण कीट दिया। इसके अलावा शिविर में राशन कार्ड, लर्निंग लाइसेंस का वितरण किया। उद्बोधन के दौरान महापौर शशि सिन्हा ने दुर्ग ग्रामीण विधायक से निगम क्षेत्र के शासकीय स्कूलों में शिक्षकों की कमी को पूर्ण करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि आत्मानंद स्कूल की छात्रा रिहा ने रिसाली का नाम रोशन किया है। इस विद्यालय में शिक्षकों की कमी को पूरा करने विधायक के समक्ष मांग रखी। विधायक ने मांग को शीघ्र पूरा करने आश्वासन भी दिया।

# समस्त ज्ञान-विज्ञान को व्यक्त कर सकते हैं नाटक:आचार्य शर्मा



**भिलाई, 16 मई।** केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के भोपाल परिसर में सम्पन्न तृतीय अखिल भारतीय रूपक महोत्सव में भिलाई के साहित्य-संस्कृति मर्मज्ञ आचार्य डॉ. महेश चन्द्र शर्मा को विशेषज्ञ समीक्षक के तौर पर आमंत्रित किया गया। भोपाल के रविंद्र भवन में इन नाटकों के हजारों दर्शकों से प्रेक्षागृह लगातार चार दिन खचाखच भरा रहा। कुलपति प्रो.श्रीनिवास बरखेड़ी, मुख्य अतिथि साहित्य अकादमी नई दिल्ली के सचिव डॉ.के.श्रीनिवास राव, संस्था के निदेशक प्रो.रमाकान्त पाण्डेय एवं कुलसचिव प्रो. आरजी मुरली कृष्णन आदि भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान डॉ. शर्मा ने कहा कि कोई ऐसी कला,विद्या, शिल्प,कर्म, काव्य या विधा नहीं जिसे रूपक या नाट्य मंचनों द्वारा व्यक्त किया न जा सके। समस्त ज्ञान-विज्ञान को नाटक व्यक्त कर सकते हैं। इस आशय का नाट्यशास्त्र एक पद्य आज कल भारत भवन को पोस्टरों में मुद्रित और लोकप्रिय है। भगवद्गीता में भी समस्त शास्त्रों का सार निहित है। यूनेस्को द्वारा उक्त दोनों ग्रन्थों को विश्व धरोहर घोषित करने से पूरे भारत को गर्व है। समीक्षक के रूप में उपस्थित डॉ महेश चन्द्र शर्मा का शॉल-श्रीफल, भोजराज पंचांग एवं शास्त्रीय ग्रन्थ भेंट कर अभिनन्दन किया गया। रूपक महोत्सव के बाद,पूरे देश के साथ यहां भी नई शिक्षा नीति के अनुसार भारतीय ज्ञान परम्परा पर भी राष्ट्रीय संगोष्ठी हुई जिसमें डॉ. महेश शर्मा ने भी भाग लिया। इसमें अनुसंधान और नवाचार को जीवन्त प्रवाह बताया। इसके अतिरिक्त दत्तोपन्त ठेंगड़ी संस्थान भोपाल द्वारा मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद मेपकॉस्ट में सम्पन्न राष्ट्रीय शोधार्थी समागम में भी आचार्य डॉ.महेश चन्द्र शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान डॉ. शर्मा को मुख्य अतिथि हनुमत निवास अयोध्या पीठाधीश्वर आचार्य मिथिलेश नन्दिनी शरण का मार्गदर्शन मिला।

# दो साल से पहचान छिपाकर रह रही बांग्लादेशी महिला गिरफ्तार



**भिलाई, 16 मई।** भिलाई से एक बांग्लादेशी महिला गिरफ्तार हुई है महिला पन्ना बीवी पिता अब्दुल रॉफ ( 25 साल ) मूल रूप से दीधीरपार, दौलतपुर फुलवारी गेट पोस्ट बादामतला सिरामोनी जिला खुलना बांग्लादेश की रहने वाली है। पिछले लगभग दो साल से यह महिला अपनी पहचान छिपाकर स्वयं को काकोली घोष उर्फ अंजलि सिंह निवासी दिल्ली का होना बताकर नेहरु रोड सुपेला स्थित सूरज साव के मकान में किराए पर रह रही थी। एक पत्रकार वार्ता में दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि पुलिस को यह सफलता अवैध अप्रवासियों पर कार्यवाही के लिए गठित स्पेशल टास्क फोर्स ( एसटीएफ ) के जरिए मिली है दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि अवैध रूप से बांग्लादेश से आकर भिलाई में रह रही महिला पन्ना बीवी को गिरफ्तार किया गया है।छत्तीसगढ़ में अवैध घुसपैठियों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु एसटीएफ गठन के उपरांत यह पहली कार्यवाही है। महिला के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 विदेशी नागरिक विषयक अधिनियम 1946 एवं भारतीय पासपोर्ट अधिनियम 1920 के तहत कार्यवाही की गई है।

उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठियों की पहचान कर, उनके विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने एवं उन्हें वापस भेजे जाने की कार्यवाही हेतु दुर्ग जिला में विशेष कार्य बल (एसटीएफ) का गठन किया गया है। एसटीएफ द्वारा लगातार भिलाई - दुर्ग में अवैध रूप रह रहे बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान हेतु कार्यवाही की जा रही है। अवैध घुसपैठियों की पहचान कार्यवाही के क्रम में 14 मई को जानकारी प्राप्त हुई कि सुपेला नेहरू रोड में सूरज साव के मकान में एक बांग्लादेश की महिला अपना मूल पहचान छुपाते हुए काकोली घोष उर्फ अंजली सिंह के फर्जी नाम से रह रही है। इस सूचना तस्दीकी एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु एसटीएफ को निर्देशित किया गया।टीम के द्वारा सूरज साव के मकान में रह रही महिला से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम अंजलि सिंह, पूर्वी दिल्ली, नांगलोई निवासी होना बताया एवं पहचान हेतु अंजलि सिंह के नाम से आधार कार्ड प्रस्तुत की। आधार कार्ड की जांच की गई तो प्रथम दृष्टया संदेहास्पद पाया गया। महिला से बारीकी से लगातार पूछताछ करने पर उसने अपना मूल नाम पन्ना बीवी पिता अब्दुल रॉफ उम्र लगभग 25 वर्ष मूल निवासी दीधीरपार, दौलतपुर फुलवारी गेट, पोस्ट बादामतला सिरामोनी जिला खुलना बांग्लादेश का होना बताया जांच के दौरान पाया गया कि पन्ना बीवी लगभग 08 वर्ष पूर्व बिना वैध पासपोर्ट एवं वीजा के अवैध रूप से बांग्लादेश से बोंगांव पेट्रोपोल, जिला उत्तर 24 परगना, पश्चिम बंगाल स्थित भारत बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय बॉर्डर से अवैध रूप से भारत में प्रवेश कर कोलकाता आकर अपना नाम काकोली घोष बता कर सोनागाछी में लगभग 5 वर्ष अवैध रूप से रही, वहां से दिल्ली में लगभग 1 वर्ष रही। दिल्ली में रहने के दौरान भिलाई निवासी पूजा नामक लड़की के साथ परिचय होने पर उसके साथ भिलाई आकर विगत लगभग 2 वर्षों से सुपेला नेहरू रोड स्थित सूरज साव के मकान में स्वयं को काकोली घोष उर्फ अंजली सिंह निवासी दिल्ली का होना बताकर किराए से रह रही थी। इस दौरान भी बांग्लादेशी नागरिक पन्ना बीवी द्वारा जसौर बोंगांव पेट्रोपोल जिला उत्तर 24 परगना स्थित भारत बांग्लादेश अंर्तराष्ट्रीय बॉर्डर से कई बार बांग्लादेश स्थित अपने मूल निवास आना-जाना करना पाया गया पन्ना बीबी द्वारा संचालित मोबाइल फोन की जांच किए जाने पर इसके माध्यम से बांग्लादेश के लगभग एक दर्जन से अधिक मोबाइल नम्बरों से लगातार रिश्तेदारों से बात करना एवं सम्पर्क में रहना पाया गया एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि जांच के दौरान संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिक पन्ना बीवी द्वारा स्वयं को अंजलि सिंह केयर ऑफ परमजीत सिंह, मकान नंबर 32 ए 33, 34 निहाल विहार मांगोली वेस्ट दिल्ली 110041 आधार कार्ड नंबर 921756650853 में प्रतिरूपण कर उसके धारक के रूप में अस्पताल में फर्जी तौर पर प्रस्तुत किया जाकर उसमें लगे फोटो को जानबूझकर अस्पष्ट रूप में प्रस्तुत कर एवं स्वयं के बाग्लादेशी नागरिक होने की पहचान छुपाया जाकर भर्ती होकर इलाज कराया गया। इस प्रकार बांग्लादेशी नागरिक पन्ना बीवी द्वारा स्वयं की पहचान छुपाते हुए बिना किसी वैध दस्तावेज, वीजा, पासपोर्ट के अवैध रूप से बांग्लादेश से भारत में प्रवेश कर यहां अनाधिकृत रूप से निवासरत होना एवं अवैध रूप से निवासरत होकर बांग्लादेशी नागरिक की मूल पहचान को छिपाने के लिए काकोली घोष एवं अंजली सिंह के नाम से निवास करना, अंजली सिंह के नाम से स्वयं को दिल्ली निवासी बताकर फर्जी आधार कार्ड तैयार कर प्रस्तुत कर उसका दुरुपयोग करना अपराध धारा विदेशी विषयक अधिनियम 1946 की धारा 14 (1) एवं पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम 1920 की धारा 3(2), 3(3) एवं धारा 318, 319, 336(3) बीएनएस का होना पाए जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया मकान मालिक के खिलाफ भी कार्यवाही दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि बांग्लादेशी महिला पन्ना बीबी नेहरू चौक सुपेला स्थित सूरज साव के मकान में किराए से रह रही थी। मकान मालिक द्वारा भी किराएदार के संबंध में किसी प्रकार की कोई सूचना थाना में नहीं दी गई थी।

## एक नजर

### बेलगांव में आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुए कलेक्टर



**राजनांदगांव 16 मई।** सुशासन तिहार अंतर्गत आज जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के ग्राम पंचायत बेलगांव में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे शामिल हुए। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुसार कलस्टर में जुड़े ग्रामों के जनसामान्य की समस्याओं का समाधान शिविर में किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि शासन की विभिन्न योजना महतारी वंदन योजना, कृषक सम्मान निधि, राशन कार्ड, जन जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान योजना से जनसामान्य लाभान्वित हो रहे है। इस दौरान कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे जनसामान्य से रूबरू हुए एवं उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को तन्मयतापूर्वक सुना। उन्होंने अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जनमानस से स्टाल का अवलोकन करने तथा अधिक से अधिक शासन की योजना से संबंधित जानकारी प्राप्त करने तथा लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव एवं कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने नन्हें बच्चों का अन्नप्राशन और गर्भवती माताओं की गोदभराई की।

### जिले की सभी ग्राम पंचायतों में बनेगी सहकारी समितियां

**धमतरी 16 मई।** सहकारिता से लोगों के जीवन को समृद्ध बनाने का उद्देश्य लेकर केन्द्र सरकार के सहकार से समृद्धि कार्यक्रम के तहत जिले की सभी 370 ग्राम पंचायतों में कम से कम एक सहकारी समिति गठित की जाएगी। इसके साथ ही विभिन्न सहकारी समितियों द्वारा लोगों को रोजगार मूलक कामों से जोड़ा जाएगा। जिले में संचालित प्राथमिक सहकारी समितियों और अन्य समितियों का लेखा-जोखा रखने, लेखा पुस्तकों का संधारण करने के साथ-साथ समितियों के जीएसटी और आयकर भरने जैसे कामों के लिए महिला समूहों की पढ़ी-लिखी सदस्यों को प्रशिक्षित भी किया जाएगा। आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में समितियों को मजबूत बनाने के लिए किए जाने वाले उपायों और समितियों के कामों की समीक्षा की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में सीईओ श्रीमती रोमा श्रीवास्तव, सहकारिता विभाग के संयुक्त पंजीयक श्री डी.पी.टावरी, उप पंजीयक श्री युगल किशोर वर्मा एवं श्री प्रदीप ठाकुर, जीएसटी उपायुक्त श्रीमती शुक्ला सहित कृषि, पशुपालन, लीड बैंक और जिला सहकारी बैंक के अधिकारी भी शामिल हुए। बैठक में बताया गया कि जिले की 74 प्राथमिक सेवा सहकारी समितियों में कॉमन सर्विस सेन्टर आई डी. जेनरेट किया गया है। सीएससी सेन्टर के माध्यम से आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र बनाने के साथ-साथ बिजली बिल भुगतान से लेकर खातों से राशि निकालने जैसी विभिन्न प्रकार की ई-सेवाएं प्रदान की जाती है।

### जान से मारने की नीयत से हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**राजनांदगांव, 16 मई।** पीड़िता ग्राम कोपेडीह जी.ई.रोड के बाजू स्थित अपने होटल में सो रही थी कि दिनांक 15.05.2025 के रात्रि करीबन 02:30 बजे ग्राम आलीखुंटा का राजू साहू आया और गलत नियत से पीडिता को किस करने एवं गलत संबंध बनाने बोलने लगा तो उसके मना करने पर आरोपी गुस्से में आकर पास में रखे बडा वजनी पत्थर को उठाकर कर जान से मारने की नियत से पीडिता के सिर में मार दिया जिससे उसे गंभीर चोट आने से उपचार हेतु मेडिकल कालेज अस्पताल पेण्ड्री में भर्ती कराया गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध धारा 79, 109 बी.एन.एस.कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया है। पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग सर के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा सर एवं नगर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव पुष्पेन्द्र नायक सर के दिशा निर्देशन पर पुलिस चौकी तुमडीबोड द्वारा कार्यवाही करते हुए आरोपी का पता तलाश कर आरोपी राजू साहू पिता स्व.मनबोधी राम साहू उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम आलीखुंटा कंवर वार्ड नं. 12 पुलिस चौकी तुमडीबोड थाना लालबाग जिला राजनांदगांव को उसके ग्राम आलीखुंटा से चौकी तुमडीबोड अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ करने पर अपराध घटित करना स्वीकार करने पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

# सीएम कन्या विवाह योजना: 48 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे





■ **प्रभारी मंत्री देवांगन सहित जनप्रतिनिधियों ने नवदंपतियों को दिया आशीर्वाद**

**रायपुर, 16 मई।** राज्य शासन के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत कल कोंडागांव जिले के विकासखंड माकड़ी के मड़ी प्रांगण में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 48 जोड़े परिणय सूत्र में बंधकर दाम्पत्य जीवन की शुरूआत की। कार्यक्रम में प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री लखन लाल देवांगन एवं बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी और अन्य जनप्रतिनिधियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया।

प्रभारी मंत्री श्री देवांगन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने राज्य में गरीब परिवारों के लिए एक रुपए में चावल और नमक फ्री में उपलब्ध कराया। किसानों को ब्याज मुक्त ऋण दिया गया इस तरह कई जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू की गई। जिससे लोगों की आर्थिक स्थिति मज़बूत हुई। सुशासन तिहार का जिक्र करते हुए कहा कि आदिवासी किसान का बेटा ने सभी के हित में केंद्र और राज्य के जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए सुशासन तिहार शुरू किया है। जिसमें हिस्सा लेकर आप सभी लाभ लें और शासन के निर्देश पर जिला के अधिकारी आप तक पहुंचाते हैं आप लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए। प्रभारी मंत्री ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के दूरदर्शी विजन का जिक्र करते हुए कहाँ की हमारे मुख्यमंत्री के शासन में लगातार महिला बाल विकास विभाग के ओर से गरीब परिवारों के बेटियों का पंजीयन कर उनका विवाह कर साथ में आर्थिक सहायता भी दिया जा रहा है। बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने नवदंपत्तियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पहले गरीब परिवारों को बेटियों की शादी के लिए चिंता रहती थी, लेकिन अब मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से बिना किसी कर्ज के शादी से परिजनों को बहुत राहत मिल रही है। पूर्व विधायक श्री सेवकराम नेताम ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी नवविवाहितों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विवाह के बाद सभी जोड़ों को विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किया गया और सभी जोड़े को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत कन्या के नाम से 35 हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया।

# हैदलकोडो समाधान शिविर में 2894 मांगों व 32 शिकायतों का निराकरण किया गया

■ **समाधान शिविर में 25 विभागों ने सहभागिता की ,2941 आवेदन मिले।**

■ **तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**



**छुरिया, 16 मई।** जनपद पंचायत छुरिया अन्तर्गत ग्राम पंचायत हैदलकोड़ो में दिनांक 14 मई 2025 को सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत क्लस्टर स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस शिविर का उद्देश्य सुशासन तिहार के प्रथम चरण में प्राप्त विभागीय मांगों एवं शिकायतों का त्वरित, प्रभावी एवं पारदर्शी निराकरण करना था। समाधान शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, कृषि, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, खाद्य, स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक न्याय, विद्युत, वन, श्रम, पशुपालन सहित कुल 25 विभागों ने सहभागिता की। इन विभागों को कुल 2941 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 2894 मांगों एवं 32 शिकायतों का मौके पर ही शत-प्रतिशत निराकरण किया गया। शिविर में विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रत्येक समस्या का समाधान स्थल पर उपस्थित ग्रामीणों के समक्ष किया गया एवं सभी निराकरणों की सार्वजनिक वाचन के माध्यम से जानकारी दी गई, जिससे पारदर्शिता बनी रही। ग्रामीणों ने समाधान की प्रक्रिया में भाग लेकर अपनी संतुष्टि व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया गया। इनमें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास पूर्णता पर अभिनंदन प्रमाण पत्र, नवीन राशन कार्ड, नवीन जाबकार्ड, लोकसेवा यांत्रिकी विभाग द्वारा ग्राम पंचायतों को स्वच्छ्य किट, मछली पालन विभाग द्वारा मछली जाल, श्रमकार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन स्वीकृति पत्र तथा दिव्यांग हितग्राहियों को ई-ट्राईसाइकल का वितरण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मान.श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव, जनपद पंचायत अध्यक्ष मान.श्री संजय सिन्हा,उपाध्यक्ष मान. श्री प्रशांत ठाकुर जनपद पंचायत छुरिया, जिला पंचायत सदस्य, मान.श्रीमती बीरम मंडावी, श्रीमती उत्तरा निषाद, डॉक्टर श्री ओमप्रकाश चंद्रवंशी, श्री बालमुकुंद कुंजाम, श्रीमती भेषबाई साहू, श्री चंद्रप्रकाश मोटघरे, श्रीमती चंद्रिकालेखचंद वर्मा एवं श्रीमती हेमीन बाई साहू सदस्य जनपद पंचायत छुरिया तथा सम्मिलित ग्राम पंचायतों समस्त सरपंच, पंच एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रशासनिक स्तर तहसीलदार छुरिया श्री विजय कोठारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छुरिया श्री होरीलाल साहू, श्रीमती आकांक्षा साहू, तहसीलदार कुमर्दा सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने ज़िले की 60 सहकारी समितियों में माइक्रो एटीएम लगोने के निर्देश दिए

धमतरी 15 मई 2025/ कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा की पहल पर जिले में पशुपालन को लाभ का व्यावसाय बनाने हेतु कार्ययोजना तैयार कर कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज कलेक्टर श्री मिश्रा ने दुग्ध सहकारी समिति एवं जिले में समितियों द्वारा किये जा रहे संकलन की समीक्षा कलेक्टोरेट सभाकक्ष में की। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि दुग्ध का भुगतान 10 दिनों में किसी भी परिस्थिति में किया जाये और यह भुगतान सीधे उनके खातों में किया जाये। दुग्ध उत्पादकों की सुविधा हेतु जिले की 60 सहकारी समितियों में माइक्रो एटीएम स्थापित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। बैठक में उन्होंने विकासखंडवर दुग्ध संकलन की जानकारी लेते हुए संकलन की मात्रा कम होने के बारे में पूछा। अधिकारियों ने बताया कि भुगतान देर से होने के कारण दुग्ध बेचने वाले किसान रूचि नहीं लेते हैं। इस समस्या से निपटने के लिए कलेक्टर ने समिति सचिव और एबीएफओ को पशुपालकों से चर्चा करने कहा। कलेक्टर श्री मिश्रा ने समिति सचिवों से सीधे शब्दों में कहा कि समिति सचिव गांव में दुग्ध विक्रताओं से चर्चा कर उन्हें समितियों में दुग्ध विक्रय करने हेतु प्रेरित करें। किसी भी दुग्ध संग्रहण केन्द्र में एक दिन में 100 लीटर से कम दुग्ध की खरीदी होने पर समिति सचिव की जिम्मेदारी तय होगी। कलेक्टर ने पशुपालन विभाग के एबीएफओ से कहा कि इस कार्य में पंचायत सचिवों का सहयोग करें।

# वर्षों से किराये में निवासरत परिवारों का आवास का सपना हो रहा साकार

■ **लाटरी के माध्यम से आज 21 पात्र हितग्राहियों को आवास आबंटन,**

■ **मोर मकान मोर आस के तहत अब तक 188 परिवारों को मिला स्वयं का आवास**

■ **तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**



**राजनांदगांव 15 मई।** देश के प्रत्येक परिवार के सर पर पक्की छत हो इस सोच को साकार करने के लिये प्रधानमंत्री आवास योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है, क्रियान्वयन की इस कडी में छत्तीसगढ शासन की संवेदनशील पहल मोर मकान मोर आस योजना के तहत आम आदमी के आवास का सपना साकार करने किरायेदारों के रूप में निकाय क्षेत्र के परिवारों को उनका स्वयं का अपना आवास मात्र लागत मूल्य पर उपलब्ध कराया जा रहा है। योजना के क्रियान्वयन एवं जनमानस को योजना का लाभ देने नगर निगम द्वारा प्रक्रिया कर आवेदन आमंत्रित किया गया। प्राप्त आवेदनों में पात्र हितग्राहियों को महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर आज दिनांक 15 मई 2025 को नगर निगम सभागृह में निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री सावन वर्मा, सुनील साहू,शैकी बग्गा, राजा माखिजा, डीलेश्वर साहू, कार्यपालन अभियंता व योजना के नोडल अधिकारी श्री दीपक कुमार खाण्डे, सहायक अभियंता व सहायक नोडल अधिकारी श्री वसीम खान, सहायक लेखा अधिकारी श्री राकेश नंदे, प्र. राजस्व अधिकारी श्री हितेश ठाकुर की उपस्थिति में लाटरी के माध्यम से 21 पात्र हिग्राहियों को आवास का आबंटन किया गया। पूर्व में 167 पात्र हितग्राहियों को आवास आबंटन कर योजना का लाभ दिया गया है। नोडल अधिकारी श्री खाण्डे ने बताया कि रेवाडीह में निर्मित 340 पूर्ण आवास में 2, मोहारा में निर्मित 340 पूर्ण आवास में 1, मोहारा में निर्माणाधीन 870 आवास में 10, रेवाडीह में निर्माणाधीन 258 अपूर्ण आवास में 6, लखोली में निर्माणाधीन 172 अपूर्ण आवास में 2 इस प्रकार इस बारिश में कुल 21 हितग्राही के स्वयं के आवास का सपना सकार हुआ।

# मोतीपुर स्कूल मैदान में 6 वार्डों की समस्याएं हल करने के लिए समाधान शिविर का किया आयोजन

**राजनांदगांव 15 मई।** सुशासन तिहार 2025 के तहत वार्डो में आयोजित शिविर में प्राप्त आवेदनों का समाधान बताने वार्ड स्तर पर शिविर आयोजित किया जा रहा है। कल दिनांक 16 मई 2025 शुक्रवार को मोतीपुर स्कूल मैदान में वार्ड नं. 1,2,3,4,7 व 8 के लिये आयोजित शिविर में छत्तीसगढ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी उपस्थित रहेगे। इस आशय की जानकारी देते हुए महापौर श्री मधुसूदन यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री माननीय विष्णु देव साय जी की पहल पर शासन द्वारा आम जनता को शासन की योजनाओं का लाभ देने उनसे संवाद स्थापित करने तथा उनकी समस्याओ के निराकरण के लिये प्रदेश में सुशासन तिहार 2025 का आयोजन एक माह से किया जा रहा है। जिसके तहत प्रथम चरण में नागरिको से समस्या संबंधी आवेदन प्राप्त करने के पश्चात द्वितीय चरण में उसका समाधान कर आवेदको के समस्याओं का समाधान बताने तृतीय चरण में समाधान शिविर आयोजित करने की कडी में निगम सीमाक्षेत्र के वार्डो में 5 मई से 31 मई 2025 तक प्रातः 10 बजे से संध्या 5 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में नगर निगम के अलावा अन्य शासकीय विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रह कर आमजनों को उनकी समस्या का समाधान बता रहे है तथा उन्हें राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, ड्राईविंग लायसेंस का वितरण कर अन्य शासकीय योजना का लाभ दिया जा रहा है। महापौर श्री यादव ने कहा कि कल मोतीपुर स्कूल मैदान में आयोजित शिविर में दोपहर 1 बजे से विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह जी के साथ सांसद श्री संतोष पाण्डे जी उपस्थित रहकर हितग्राहियो को शासन की योजना का लाभ देने राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, श्रम कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, आदि का वितरण करेंगे।

### विस अध्यक्ष मोतीपुर समाधान शिविर में होंगे शामिल

**राजनांदगांव 16 मई।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 16 मई 2025 को राजनांदगांव जिले के प्रवास पर रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 16 मई को सुबह 11 बजे स्पीकर हाऊस शंकर नगर रायपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 12.30 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे। विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 1 बजे से दोपहर 2 बजे तक नगर पालिक निगम राजनांदगांव के मोतीपुर में सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर में शामिल होंगे।

# शंकरपुर में मनाई गई तथागत भगवान बुद्ध की जयंती

■ **सुनील बंसोड़ के गीतों ने समां बांधा**

■ **तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**



**राजनांदगांव, 16 मई।** जेतवन बुद्ध विहार समिति के तत्वावधान में 12 मई 2025 को बुद्ध जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया गया।जिसमे सांस्कृतिक कार्यक्रम से लेकर अतिथि सम्मान एवं भोजन की भी व्यवस्था की गई थी।

कार्यक्रम में अथिति के रूप में श्री अभिषेक सिंह पूर्व सांसद लोकसभा , श्री मधुसूदन यादव महापौर नगर पालिका निगम, श्री रविन्द्र रामटेके समाज सेवी, श्री कान्ति फुले जी अध्यक्ष बौद्ध कल्याण समिति, श्री इंजीनियर आर. के. गजभिये, चेयरमैन शैंकी बग्गा, वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा वार्ड नं. 10, पार्षद अपूर्वा समीर श्रीवास्तव वार्ड नं.9 कार्यक्रम संविधान की प्रस्तवना के साथ प्रारम्भ की गया। प्रस्तवना का वाचन अंश बारमाटे ने किया।।बुद्ध भीम गीतों की शानदार प्रस्तुति लोक गायक श्री सुनील बंसोड़ द्वारा की गई।

सभी वार्ड वासियों ने प्रोग्राम का आनंद लिया। पूर्व सांसद एवं महापौर द्वारा तथागत बुद्ध जी की जीवनी पर प्रकाश डाला एवं समाज द्वारा समाज की बहुत ही महत्वपूर्ण मांगो को रखा गया। जिसमें भवन निर्माण एवं शौचालय निर्माण के लिए कहा गया, दोनों मांगों को शीघ्र पूरा कराने के लिए भी कहा गया। सम्मानित अतिथियो के माध्यम से समाज को आश्वस्त किया गया एवं शीघ्र ही मांगो को पूरा करने की बात की गई। सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं अतिथियों का सम्मान समिति द्वारा किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लेते हुए गणमान्य जनों ने भोजन भी ग्रहण किया। शंकरपुर के समस्त बौद्ध समाज के अनुयायियों ने बढ़चकर कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम हेतु सभी उपासक उपासिकाओ का सहयोग रहा जिससे कार्यक्रम सफल बन पाया। कार्यक्रम में सहयोग करने वाले सभी वरिष्ठ, युवा, महिलाओ का साधुवाद प्रकट किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजू बारमाटे ने की। सभी सामाजिक बंधुओं के सहयोग से हुआ भव्य आयोजन सभी दानदाता एवं सहयोग कर्ताओं का धन्यवाद।

## समाचार संक्षेप

### देश के नवनिर्माण में युवाओं का हो योगदान: संजय कुमार सिन्हा



**छुरिया, 16 मई।** छुरिया विकासखंड के ग्राम रामतराई में गायत्री परिवार छुरिया के तत्वाधान में 4 दिवसीय व्यक्तित्व युवा निर्माण शिविर व पांच कुंडीय यज्ञ का आयोजन किया गया था । इस शिविर के समापन अवसर के मुख्यअतिथि बतौर श्री संजय कुमार सिन्हा व श्रीमती उत्तरा निषाद सभापति ने पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी व माता भगवतीदेवी जी के तैलचित्र पर पूजा अर्चना कर किया गया।सभी अतिथियों का गायत्री परिवार के सदस्यों ने स्वागत सत्कार किया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सिन्हा ने कहा कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को नशा मुक्ति, बढ़ते अपराध से कैसे दूर रखे साथ ही भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने के दिशा में काम करने की सोच के लिए गायत्री परिवार को धन्यवाद दिया । उक्त कार्यक्रम को उत्तरा निषाद ने भी संबोधित किया । इस शिविर में 120 युवाओं ने आवासीय प्रशिक्षण में भाग लेकर लाभ उठाया है । इस अवसर पर मुख्यरूप राजकुमार निषाद,उमेश सेवता,जयप्रकाश सिन्हा जिला समन्वयक,राजकुमार साहू,जिला युवा ह्युड्डद्ध समन्वयक,प्रभात साहू, एम सोनबोर,योगेंद्र वर्मा,चेतन साहू,नरेश चंद्रवसी,कांता साहू,दुलचंद साहू सरपंच उपस्थित रहे सहित ग्रामीणजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे है।

■ **व्यक्तित्व युवा निर्माण शिविर में शामिल हुए 120 युवा**

### विधायक दलेश्वर साहू ने किया टेका हरदी में सामाजिक भवन का लोकार्पण



**डोंगरगांव, 16 मई।** डोंगरगाव विकास खंड के ग्राम टेका हरदी मे साहू समाज के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण स्थानीय विधायक दलेश्वर साहू ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डोंगरगांव तहसील अध्यक्ष हेमंत दास साहू ने की, विशेष अतिथी पूर्व जिला महामंत्री व तहसील संरक्षक अमरनाथ साहू, परिक्षेत्रीय अध्यक्ष सत्यप्रकाश साहू, पिताम्बर साहू, परमानंद साहू, विश्राम साहू, नंदलाल साहू, सरपंच, पंचगण व ग्राम प्रमुख थे। इस अवसर पर भक्त माता कर्मा की मूर्ति स्थापना, प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम भी रखा गया जिसमे सभी अतिथी सम्मलित हुए। कार्यक्रम को लेकर गांव मे विशेष उत्साह का माहौल था सुबह से ग्राम मे भव्य कलश यात्रा, गाजे बाजे के गांव के प्रमुख गली का भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल पंहुचा। तत्पश्चात सामूहिक पूजा आरती की गई। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथी विधायक दलेश्वर साहू ने समाज के रीति नीति को अमल करते हुए सामाजिक एकता बनाए रखने की अपील की। उन्होने डोंगरगांव तहसील के नवीन परिक्षेत्र खपरी कला के अंतर्गत आने वाले ग्राम खपरी कला, कन्हारडबरी, व झिटिया मे सामाजिक भवन निर्माण तथा टेका मे शेड निर्माण हेतु 20 लाख रुपए दिए जाने की घोषणा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तहसील अध्यक्ष हेमंत साहू ने सामाजिक कुरूति को दूर करने का आव्हान किया। विशेष अतिथी अमरनाथ साहू ने समाज के सामाजिक संरचना व उनके कर्तव्य व दायित्व पर प्रकाश डाला।

■ **खपरी, कन्हारडबरी व झिटिया में सामाजिक भवन के लिए 20 लाख रुपए की घोषणा**

### शहर के ऑडिटोरियम में चल था अभद्र स्टैंडअप कॉमेडी कार्यक्रम, बंद कराया गया



**राजनांदगांव, 16 मई।** शहर के ऑडिटोरियम में प्रणव शर्मा नामक कॉमेडियन का शो आयोजित किया गया जहां जिला संयोजक राहुल बलदेव मिश्रा ने बताया कि प्रणव शर्मा बाहर से आया हुआ कॉमेडियन है जिसके शो में अभद्रता एवं गालियों से कॉमेडी की सूचना विभाग सहसयोजक सुनील सेन जी ने दूरभाष से दिया पश्चात आयोजन के पूर्व ही विहिप बजरंगदल द्वारा आयोजकों को शो में अभद्रता एवं गालियों से दूर रख साफ- सुथरा आयोजन कराने की समझाइश दी गई, परंतु शो शुरू होने के कुछ देर बाद कॉमेडियन अपनी अभद्रता एवं गालीओ से कॉमेडी सीन को बताने लगा सूचना मिलते ही तत्काल बजरंगदल की टीम मौके पर पहुंच कार्यक्रम को बंद कराया, पूर्व में आयोजकों को समझाइश के बाद भी इसे कृत्य किया जाना असहनीय है। नगर संयोजक प्रिंस प्रशान्त ने बताया कि शहर में संस्कृति विरुद्ध कार्यक्रम यदि हुए तो बजरंग दल इसका खुले तौर पर विरोध करता है, संगठन ने थाने में इस आयोजन के खिलाफ शिकायत भी की है। राजनांदगांव संस्कारधानी जाना जाता है जिसमें संस्कारविहीन कार्यक्रम का संचालन होना पूरी तरह से गलत है। उक्त स्थान पर विहिप जिला समरसता प्रमुख बाबा जी मेश्राम,बजरंग दल जिला संयोजक राहुल बलदेव मिश्रा, संतोष तुरहाटे,नगर संयोजक प्रिंस हाथीबेड सहित नगर सुरक्षा प्रमुख अभिषेक शर्मा,सनमय श्रीवास्तव,भावेश निर्मलकर, प्रवीण शर्मा, राहुल ताम्रकार, जैकी सोनकर, अनुज गवरे, शुभम नाविक, दिव्यांश साहू, वेदांश शर्मा, हदयुदय,सत्यम जायसवाल, संकल्प श्रीवास्तव, अभिषेक गिरीपुंजे, भावेश साहू, प्रणय मुल्लेवर, शानू वर्मा, प्रतीक गड़ेवाल सहित संगठन के सैकड़ों बजरंगी उपस्थित रहे।

■ **बजरंगदल ने कहा- संस्कृति विरुद्ध कार्यक्रम नहीं होने संचालित**

### अवैध रूप से शराब बिक्री पर अंकुश लगाने पुलिस ने की कार्रवाई

**राजनांदगांव, 16 मई।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदशन मे अवैध रूप से शराब बिक्री पर अंकुश लगाने हेतु कड़ी कार्यवाही करने के संबंध में जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को निर्देश दिया गया था जिसके तहत दिनांक 12.05.2025 से 14.05.2025 तक कुल 03 दिनों में - थाना डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा 34(1) के 01 प्रकरण में 01 आरोपी के पास से 20 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 1800/- रूपये जप्त कर कार्यवाही की गई। थाना डोंगरगांव पुलिस द्वारा 34(1) के 02 प्रकरण में 02 आरोपी के पास से 41 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 3280/- रूपये एवं बिक्री रकम 370/- रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही की गई। थाना घुमका पुलिस द्वारा 34(1) के 01 प्रकरण में 01 आरोपी के पास से 14 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 1120/- रूपये एवं बिक्री रकम 480/- रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही की गई। थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 34(1) के 01 प्रकरण में 01 आरोपी के पास से 20 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 1600/- रूपये एवं बिक्री रकम 320/- रूपये जप्त उसके विरूद्ध कार्यवाही की गई।

संपादकीय

# पानी के लिए घुटनों पर आया पाकिस्तान

भारत के जितने भी पड़ोसी देश हैं, संकट के समय उऩका काम भारत के बिना चलता नहीं, संकट के समय भारत ही उनकी मदद करता है लेकिन भारत के विरोधी देशों के चक्कर में आकर वह भारत के खिलाफ काम करते हैं और नुकसान उठाते हैं।चाहे श्रीलंका हो,बांग्लादेश है, नेपाल हो, मालदीव हो,म्यांमार हो,सब चीन,अमरीका के चक्कर में पड़कर नुकसान उठा चुके हैं। किसी देश में शांति नहीं है, किसी देश ने विकास नहीं किया है। किसी भी देश के विकास के लिए शांति जरूरी होती है, भारत के पड़ोसी देश विकास के मामले में पिछले दस सालों में पिछड़ गए है तो इसकी वजह यह है कि वहां चीन,अमरीका के चक्कर में शांति नहीं है। राजनीतिक स्थिरता नहीं है। सभी देशों के राजनीतिक दलों ने धन के लालच में चीन या अमरीका का साथ दिया और बदले में अमरीका से पैसा तो मिला लेकिन देश से शांति व राजनीतिक स्थिरता खो गई है।भारत के बाद बांग्लादेश ही था जो राजनीतिक स्थिरता के चलते ठीक विकास कर रहा था, वह भारत के साथ था इसलिए उसकी राजनीतिक रूप में मजबूत सरकार बगावत के नाम पर गिरा दी गई। राजनीतिक स्थिरता फैलाने की कोशिश तो भारत में की गई लेकिन पीएम मोदी जैसे मजबूत नेता के रहते वह सफल नहीं हुए लेकिन पाकिस्तान, बांगलादेश व पाकिस्तान में मजबूत नेता न होने के कारण वहा चीन व अमरीका जैसे देश राजनीतिक अस्थिरता फैलाने में सफल हो जाते हैं।चीन व अमरीकाा के बीच फंसकर पाकिस्तान का बुरा हाल है। चीन व अमरीका दोनों पाकिस्तान का उपयोग भारत के खिलाफ करते रहे हैं, बीच मे अमरीका ने पाकिस्तान की तरफ ध्यान देनां कम कर दिया था तो अमरीका की जगह चीन ने ले ली है। बाइडेन के बाद ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद अमरीका फिर से चाहता है कि पाकिस्तान उसका कहना माने। लेकिन चीन के कारण अब पाकिस्तान पहले की तरह अमरीका के पाले में जा नहीं सकता है क्योंकि पाकिस्तान में पावर सेंटर तीन हो गए हैं।एक राजनीतिक पावर सेंटर है, पीएम शहबाज शरीफ का, दूसरा पावर सेंटर है सेना का और तीसरा पावर सेंटर है आकंतवादी संगठन। तीनों के बीच हुई खींचतान उस समय खुलकर सामने आ गई थी जब पाकिस्तान राजनीतिक नेतृत्व भारत की जवाबी कार्रवाई के कारण बहुत ज्यादा नुकसान होने के कारण युध्द विराम चाहता था और अमरीका के कहने पर उसने पहले युध्द विराम का प्रस्ताव भारत से किया। भारत को पाकिस्तान से लड़ना ही नहीं था क्योंकि उसका मकसद पाकिस्तान से लड़ना था हीं नहीं, वह तो आतंकवादियों को सबक सिखाना चाहता था और उसने अच्छा सबक सिखाया भी है। पाकिस्तान के यह कहने पर अब भारत पर कोई आतंकवादी हमला नहीं होगा, कोई सैन्य कार्रवाई नहीं होगी। भारत ने भी मान लिया पाकिस्तान की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं होगी तो भारत भी कोई कार्रवाई नहीं करेगा। दोनों के बीच युध्द विराम हुए कुछ समय बीता ही था कि पाकिस्तान सेना की तरफ से युध्द विराम तोड़ दिया गया। जवाब में भारत ने भी कार्रवाई की और इससे पाकिस्तान को फिर बहुत नुकसान हुआ। बात में पता चला की सेना ने यह कार्रवाई चीन के कहने पर की थी और चीन को यह बात पसंद नहीं आई कि पाकिस्तान उससे पूछे बिना कैसे भारत से युध्द विराम कर सकता है, इसलिए चीन के कहने पर जिस युध्द विराम का श्रेय अमरीका ले रहा था, उसे चीन के कहने पर सेना ने तोड़कर नवाज शरीफ व अमरीका को बता दिया गया कि अमरीका के कहने पर पाकिस्तान ने जो युध्त विराम किया गया था उसे तोड़ दिया गया है और अब जो युध्द विराम है, उसे माना जाएगा। यानी चीन का युध्द विराम माना जाएगा। चीन तो युध्द विराम का श्रेय नहीं ले रहा है लेकिन अमरीका दुनिया को बता रहा है कि पाकिस्तान को युध्द विराम के लिए उसने तैयार किया था। पाकिस्तान में युध्द विराम के दौरान यह साफ हो गया है कि यहां चीन व अमरीका के बीच होड़ लगी हुई है कि कौन पाकिस्तान को अपने खेमें ला सकता है। अमरीका ने अभी आईएमएफ से लोन दिलाया है, और चीन ने पाकिस्तान में पैसा निवेश करने के साथ ही चीन को सैनिक साजोसामान दिया है। पाकिस्तान में राजनीतिक नेतृत्व शहबाज शरीफ अमरीका के प्रभाव में है तो सेना चीन के प्रभाव में है। पाकिस्तान में हमेशा सेना व आतंवादियों की चली है। पाकिस्तान सरकार भारत के हमले से आतंकियों को नहीं बचा सकी है तथा आगे भी नहीं बचा सकेगी इसलिए आतंकी संगठन सेना के साथ मिलकर आने वाले दिन में शहबाज शरीफ को हटाकर सत्ता सेना को सौंप सकते हैं। लेकिन वह पाकिस्तान की जनता की मुश्किलें कम नहीं कर सकते। पाकिस्तान के आतंकी संगठन ने भारत पर हमला किया तो भारत को कार्रवाई करेगा ही,इसके अलावा भारत पानी नहीं देने पर अड़ा हुआ है। इससे आने वाले दिन में पाकिस्तान में जलसंकट पैदा हो सकता है.यह ऐसी समस्या है जिसका समाधान न सेना कर सकती है, न आतंकी संगठन कर सकते हैं, न चीन व अमरीका भारत को पाकिस्तान को पानी देने के लिए मजबूर कर सकते हैं. चीन व अमरीका कितने भी बड़े देश वह पाकिस्तान को पैसा तो दे सकते हैं लेकिन पानी नहीं दे सकते। बिलावल भुट्टो ने हाल ही में घमंड से कहा था कि सिधुं नदी में या तो भारतीयों का खून बहेगा या पानी बहेगा। जवाब में पीएम मोदी ने साफ कर दिया है कि सिंधु नदी में पानी और खून एक साथ नहीं बह सकता। अभी तो पाकिस्तान का पानी रोकने का फैसला किया एक माह भी नहीं हुआ और पाकिस्तान गिड़गिड़ाने लगा है कि भारत अपने फैसले पर फिर से विचार करे।बताया जाता है कि पाकिस्तान जो पत्र भारत के जल शक्ति मंत्रालय को भेजा था उसे विदेश मंत्रालय को भेज दिया गया है।माना जा रहा है कि भारत ने पाकिस्तान की इस अपील को नकार दिया है कि भारत पानी के मामले में फिर से विचार करेगा।

विश्लेषण

# कब तक लोगों की जान लेती रहेगी जहरीली शराब?

**मनोज कुमार अग्रवाल**



कभी बिहार यूपी तमिलनाडु और आंध्र जहरीली शराब से मौतों के मामलों को लेकर चर्चित रहते थे लेकिन अब पंजाब भी नकली शराब का बड़ा अड्डा बन गया है। एक बार फिर पंजाब में जहरीली शराब पीने से 21 लोगों की मौत ने देश का ध्यान खींचा है। दुःखद बात यह है कि राज्य में यह कोई पहली घटना नहीं है। एक रिपोर्ट के अनुसार पंजाब में तीन साल में चौथी बड़ी जहरीली शराब त्रासदी है। राज्य में सबसे बड़ी शराब की त्रासदी पांच साल पहले तरनतारन, अमृतसर और गुरदासपुर जिलों में हुई थी। जुलाई और अगस्त 2020 में माझा क्षेत्र के तीन जिलों तरनतारन, गुरदासपुर और अमृतसर में कथित तौर पर नकली शराब पीने से लगभग 130 लोगों की मौत हो गई थी। लगभग एक दर्जन लोगों की आंखों की रोशनी चली गई थी। अकेले तरनतारन जिले में लगभग 80 मौतें हुई थीं। किसी त्रासद घटना का सबक यह होना चाहिए कि उसमें हुई हानि को ध्यान में रखकर बाकी जगहों पर भी ऐसे उपाय किए जाएं, जिससे वैसी घटनाओं से बचा जा सके। मगर विडंबना यह है कि ज्यादातर घटनाओं को स्थानीय समस्या मानकर दूसरी जगहों पर उसकी अनदेखी कर दी जाती है या फिर उसे महज एक खबर की तरह देखा जाता है।

आपको पता है कि देश के अलग-अलग हिस्सों से अक्सर जहरीली शराब का सेवन करने से लोगों के मरने की खबरें आती रहती हैं। मगर समस्या के निदान के लिए सख्त कारगर नीति अमल में नहीं लाई जाती । पंजाब में जहरीली शराब से करीब 21 लोगों की मौत से यही पता चल रहा है कि शराब के नाम पर जहर बेचने का काम विना किसी रोक-टोक चल रहा था। अवैध तरीके से बनाई बेची जाने वाली शराब इसलिए अक्सर जहर का रूप धारण कर लेती है, क्योंकि ज्यादा मुनाफे के लालब में उसे बेहद हानिकारक और अखाद्य सामग्री से बनाया जाता है। आमतौर पर अवैध शराब के कारोबार से पुलिस प्रशासन और आबकारी विभाग के लोग अवगत ही नहीं होते, बल्कि वे उसे संरक्षण भी प्रदान करते हैं। हालांकि एक बड़ा सवाल यह है कि पंजाब में जब शराब आसानी से मिल जाती है, तो लोग देसी शराब क्यों पीते हैं? यहां लगभग हर मोहल्ले, कस्बे और शहर में शराब की दुकानें मौजूद हैं। हैं। कई जगहों पर तो सस्ती ब्रांड की शराब भी खुलेआम बिकती है। फिर भी हर कुछ महीनों में जहरीली शराब से होने वाली मौत की खबरें सामने आती हैं। सवाल उठता है कि जब कानूनी रूप से शराब इतनी आसानी से मिल जाती है, तो जानलेवा जहरीली शराब आखिर आती कहां से है? दरअसल पंजाब के कई गांवों और सीमावर्ती इलाकों में अवैध रूप से देसी शराब बनाई जा रही है। मिट्टी के बर्तनों और प्लास्टिक के ड्रमों में बनने वाली इस नकली शराब में मेथनॉल जैसे खतरनाक केमिकल मिलाए जाते हैं, जो शरीर के लिए बेहद भातक साबित होते हैं। यह शराब न केवल सस्ती होती है, बल्कि तेज नशा देती है, जिससे गरीब और मजदूर वर्ग इसे खरीदता है। शराब माफिया ज्यादा मुनाफा कमाने के चक्कर में शराब में मिलावट करते हैं। महंगे कैमिकल की जगह सस्ते और खतरनाक विकल्प मिलाए जाते हैं। नतीजा यह होता है कि कुछ घंटे के नशे के बाद पीने वालों की हालत बिगड़ने लगती है, कई मामलों में अंधापन, किडनी फेल होना और मौत जैसी घटनाएं सामने आती हैं। अवैध शराब 30 से 50 रुपये में मिल जाती है, जबकि लाइसेंसी शराब 200 से ऊपर होती है। शराब की लत में फंसे लोग किसी भी कीमत पर नशा ढूंदते हैं, चाहे वह जहरीला ही क्यों न हो। हालांकि प्रशासन समय-समय



पर छापेमारी करता है, लेकिन यह एक अस्थायी समाधान बनकर रह जाता है। कई जगहों पर स्थानीय पुलिस की मिलीभगत और राजनीतिक संरक्षण भी इन अवैध धंधों को बढ़ावा देता है।

आपको बता दें ऐसा ही देश के अन्य हिस्सों में भी होता है और इसी कारण रह-रहकर जहरीली शराब के कहर ढाने के समाचार आते ही रहते हैं। चूंकि मरने वाले लोग गरीब तबके के होते हैं, इसलिए तात्कालिक तौर पर दिखाई जाने वाली सजगता का जल्द ही लोप हो जाता है और सब कुछ पहले की तरह चलने लगता है। पंजाब में तो यह धंधा एक तरह के कुटीर उद्योग में तब्दील हुआ दिख रहा। कई इलाकों में घर-घर अवैध शराब बन रही थी और उसकी खपत ढाबों में हो रही थी। पंजाब में अवैध शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाले घातक रसायनों की आपूर्ति का भी एक मजबूत नेटवर्क नजर आ रहा है। बिना संरक्षण के इस तरह के धंधे चल ही नहीं सकते। अवैध शराब बनाने वालों पर कहीं कोई लगाम नहीं थी, इसका पता उन तत्वों की गिरफ्तारी से भी चल रहा है, जिन पर अवैध शराब बनाने या फिर बेचने के मामले पहले से चल रहे थे। इसका मतलब है कि ऐसे तत्व कठोर कार्रवाई के अभाव में मौत बांटने का धंधा करने में लगे हुए थे और कोई देखने-सुनने वाला नहीं था। हालांकि जब भी ऐसी घटना सामने आती है, तो पुलिस कार्रवाई जोरशोर से होती है। पंजाब में पांच गांवों में हुई मौतों की जांच के दौरान पता चला है कि ऑनलाइन 600 किलो मेथेनॉल मंगवाई गई थी, जिसके जरिए यह शराब तैयार की गई थी। देखा जाए तो सिर्फ पंजाब ही नहीं, पूरे देश में जहरीली शराब का नेटवर्क बना हुआ है। मौतों पर मुआवजा देना या अस्थायी कार्रवाई इस समस्या का समाधान कतई नहीं है।

एक रिपोर्ट के अनुसार देश में नकली शराब से सबसे अधिक 134 लोगों की मौत बिहार में हुई। इसके बाद दूसरे स्थान पर कर्नाटक और तीसरे स्थान पर पंजाब है।वर्ष 2022 में देश भर में अवैध व नकली शराब के 507 केस दर्ज हुए। इनमें 617 लोगों की मौत हुई, जिनमें 15 महिलाएं थीं। हालांकि, बिहार में एक भी महिला की मौत अवैध शराब के सेवन से नहीं हुई है।एनसीआरबी 2022 की रिपोर्ट चौंकाने वाली है। अवैध और नकली शराब से जुड़े बिहार में सबसे कम 29 केस सामने आए, लेकिन मौत के मामले में आंकड़ा सबसे अधिक है।

आपको बता दें कि फेडरेशन ऑफ इंडियन चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की रिपोर्ट बताती है कि देश में अवैध शराब का कारोबार 23 हजार 466 करोड़ रुपये का है. फिक्की के मुताबिक, अवैध शराब की तस्करी की वजह से सरकार को 15 हजार 262 करोड़ रुपये का नुकसान होने का अनुमान है. अवैध शराब यानी जिसका कोई रिकॉर्ड नहीं है. ये शराब बिना किसी रिकॉर्ड के बिकती है. इसकी तस्करी होती है और इस पर कोई टैक्स नहीं दिया जाता है. लिहाजा अवैध शराब की तस्करी से सरकार को रेवेन्यू लॉस होता है, लोगों की मौत होती है तो दूसरी ओर शराब कारोबारी पैसा कमाते हैं। एक अनुमान के मुताबिक, भारत में हर साल पांच अरब लीटर शराब पी जाती है. इसमें 40 फीसदी से ज्यादा अवैध तरीके से बनाई जाती है और ये सस्ती होती है. ग्रामीण इलाकों में देसी शराब ज्यादा पी जाती है. जबकि, विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि भारत में हर साल शराब की जितनी खपत होती है, उसमें से 50 फीसदी अवैध तरीके से बनती और बिकती है।

ऐसे हालात में शराब को लेकर अभी बहुत जागरूकता लाने और सरकारी नीतियों का पुनरीक्षण कर विचार करने की जरूरत है ताकि लोगों को शराब के जहर से बचाया जा सके। जहरीली शराब से हो रही मौतों को रोकने के लिए राज्य सरकारों को ठोस नीति बनाकर कठोर कार्रवाई करने की जरूरत है। सिर्फ बड़ा घटनाक्रम होने के बाद ही प्रशासन और सरकार की नींद टूटती है, ऐसा नहीं होना चाहिए। पंजाब सहित सभी राज्यों को चाहिए कि पूरे वर्ष ही जहरीली शराब के खिलाफ अभियान चलाए और इसके दोषियों को सजा के अंजाम तक पहुंचाएं, ताकि शराब रुपी जहर पर लगाम लग सके।

## आज का राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। नौकरी में कार्यरत लोगों को ट्रांसफर मिलने से एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है। कार्यक्षेत्र में अधिकारी आपके कामों से परेशान रहेंगे। यदि आप साझेदारी में कोई व्यवसाय करने की सोच रहे थे, तो आपकी वह इच्छा पूरी हो सकती है। जीवनसाथी की सेहत को लेकर आपको थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम की तैयारी शुरू हो सकती है।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए प्रसन्नता दिलाने वाला रहेगा। आपको अपने शत्रुओं से सतर्क रखते रहने की आवश्यकता है। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। आपको अपने खानपान पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता है। आप अपने कुछ पेंडिंग कामों को भी समय से निपटाने की कोशिश में लगे रहेंगे। आर्थिक स्थिति को लेकर आप कोई महत्वपूर्ण कदम उठाएंगे। आपकी किसी बात को लेकर माताजी से खटपट हो सकती है। आपको अपने खर्चों को लेकर भी टेंशन बनी रहेगी।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। राजनीति में कार्यरत लोगों को अक्समात लाभ मिल सकता है। कार्यक्षेत्र में आपके काम को लेकर गति काफी तेज रहेगी। आपको अपने कानूनी मामलों को समय रहते निपटाने की आवश्यकता है। परिवार के सदस्यों के साथ आप कुछ मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। आप अपने व्यवसाय पर पूरी निगरानी बनाकर रखे, नहीं तो साथी इसका फायदा उठाने की कोशिश कर सकते हैं। आपको किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जाने का मौका मिल सकता है।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए किसी जोखिम भरे काम को करने से बचने के लिए रहेगा। वाहनों का प्रयोग आपको सावधान रहकर करना होगा। आप अपने कामों में किसी तरह की कोई लापरवाही ना करें। परिवार के सदस्यों का आप पूरा आनंद लेंगे। आपका कोई पुराना काम लंबे समय से रुका हुआ था वह अब काम पूरा हो सकता है। आपको इधर-उधर खाली बैठकर समय व्यतीत करने से अच्छा है कि आप अपनी पढ़ाई पर ध्यान लगाएं। आपका कोई पुराना लेनदेन चुकता होगा।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। आपके अत्यधिक खर्च करने की आदत के कारण आपकी समस्या बढ़ सकती है। आप मनपसंद भोजन का आनंद लेंगे, लेकिन आपको अपने पेट का भी खास ख्याल रखना होगा। छोटे बच्चे आपसे किसी चीज की फरमाइश कर सकते हैं। व्यापार में आप किसी के साथ पार्टनरशिप करने से बचें, नहीं तो आपको धोखा मिलने की संभावना है। आप अपने घर किसी नए इलेक्ट्रॉनिक आइटम को लेकर आ सकते हैं। जीवनसाथी के साथ आप कुछ समय अकेले में व्यतीत करेंगे।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आप किसी नए व्यवसाय की शुरुआत कर सकते हैं। परिवार के सदस्य के साथ आप कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। आपकी कुछ पुरानी यादें भी ताजा होंगी। अविवाहित जातकों के जीवन में किसी नए मेहमान की दस्तक हो सकती है। सुख और भोग के साधनों में वृद्धि होगी। विद्यार्थी पढ़ाई-लिखाई में किसी काम को लेकर यदि परेशान थे, तो उनकी वह समस्या भी दूर होते दिख रही है।

**तुला** आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। सामाजिक कार्यों में आपकी अच्छी पैठ रहेगी। आप परिवार के सदस्यों के साथ कहीं घूमने जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। आपको अपने पारिवारिक मामलों को लेकर लापरवाही बिल्कुल नहीं करनी है। आपको किसी काम के समय से पूरा न होने से मन परेशान रहेगा। नौकरी की तलाश में लगे लोगों को सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को कोई बात सोच समझकर कहनी होगी।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आपके सुख साधन में वृद्धि होगी। आपके घर किसी अतिथि का आगमन हो सकता है। आपके खर्चे बढ़ेंगे, जो आपकी टेंशनों को बढ़ाएंगे। आपको किसी अनजान व्यक्ति से तालमेल बनाकर चलने की आवश्यकता है। आप किसी के बहकावे में ना आए। भाई और बहनों से प्रॉपर्टी को लेकर कोई वाद विवाद खड़ा हो सकता है, जो कोर्ट कचहरी तक जा सकता है। आपको संतान की पढ़ाई को लेकर कोई महत्वपूर्ण डिसीजन लेना होगा।

**धनु** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आप अपने किसी मित्र से लंबे समय बाद मिल सकते हैं, जिसमें आप पुराने गिले शिकवे न उखाड़ें। प्रेम जीवन में आपसी सहयोग बना रहेगा। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आपकी खटपट होने की संभावना है। आपको बिजनेस में मन मुताबिक लाभ मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा, लेकिन आपको अपने धन को लेकर बजट बनाकर चलने की आवश्यकता है।

**मकर** आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। प्रॉपर्टी डीलिंग का काम कर रहे लोगों को कोई बड़ा ऑर्डर मिल सकता है। आपको कुछ मौसमी बीमारी होने की संभावना है, जिससे आपको सावधान रहना होगा। यदि आपने किसी से धन उधार लिया था, तो वह आपको वापस मिल सकता है। आपको किसी पुरानी गलती को करने से परिवार में किसी सदस्य से डांट खानी पड़ सकती है। आपके कुछ नए विरोधी उत्पन्न हो सकते हैं, जिनसे आपको बचना होगा।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको परिवार में किसी सदस्य की ओर से कोई शुभ सूचना सुनने को मिल सकती हैं। आपको बिजनेस में एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ेगी, लेकिन आपको उससे घबराने की आवश्यकता नहीं है। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को कोई नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती हैं। आपको घर और बाहर के कामों में तालमेल बनकर चलना होगा। आप कार्यक्षेत्र के कामों को लेकर लापरवाही बिल्कुल ना करें।

**मीन** आज का दिन आपके लिए सेहत पर पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा, क्योंकि अकस्मात गिरावट आने से आपकी कोई पुरानी बीमारी उभर सकती है। आपके व्यापार में काम को लेकर टेंशन अधिक रहेगी। आपके मन में यदि किसी काम को लेकर संशय है, तो आप उस बात पर ढील बिल्कुल ना करें। आप बेवजह किसी बात को लेकर क्रोध न करें। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। आप किसी नए काम की शुरुआत करने की योजना बना सकते हैं.

चर्चित मुद्दा

# अरुणाचली चाल है पाक के हक में चीन की बौखलाहट

**ललित गर्ग**



पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के सफल 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद चीन बौखला गया है। पाकिस्तान की करारी हार एवं उसे दिये गये सबक को चीन पचा नहीं पा रहा है। चीन-पाक की सदाबहार दोस्ती के उदाहरण बार-बार सामने आते रहे हैं, हाल ही में सैन्य टकराव के दौरान चीन ने प्रत्यक्ष व परोक्ष तौर पर पाकिस्तान का समर्थन ही नहीं किया, बल्कि सैन्य व आर्थिक मदद भी की। ऐसे ही संवेदनशील समय पर चीन ने भारतीय जमीन पर दावेदारी जताने एवं अरुणाचल के 27 स्थानों को चीनी नाम देने की कुचेष्टा की है। उसकी यह नापाक कोशिश भी पाक के साथ खड़े होने का ही प्रयास है। यह ध्यान रहे कि वह अरुणाचल एवं उसके अनेक क्षेत्रों, इनमें आवासीय क्षेत्रों के साथ पहाड़ और नदियां भी हैं, इनको पहले ही चीनी नाम दे चुका है। भारत सरकार ने अरुणाचल के भीतरी स्थानों को नए नाम देने के चीन के निराधार और बेतुके प्रयासों को स्पष्ट रूप से खारिज करते हुए इसकी निन्दा की है। चीन अपनी दोगली नीति, षडयंत्रकारी हरकतों एवं विस्तारवादी मंशा से कभी बाज नहीं आता। वह हमेशा कोई ऐसी कुचेष्टा करता ही रहता है जिससे भारत चीन बॉर्डर पर अक्सर तनाव रहता है। हालांकि भारत ने दो टूक जवाब देते हुए साफ कहा है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है और यह चीनी दुष्प्रचार के सिवाय कुछ नहीं है। चीन की इस हरकत ने यह साफ कर दिया है कि उससे संबंध सुधारने की भारत की तरफ से कितनी ही पहल हो जाए, वह सुधरने वाला नहीं है।

निश्चित ही चीन की ये दकियानूसी हरकतें पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं, यह उसके दुस्साहस एवं उच्छृंखलता का द्योतक है। नाम बदलने से इस स्पष्ट और निर्विवाद वास्तविकता को नहीं बदला जा सकता कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग था, है और हमेशा रहेगा। इस तरह की करतूतों, बचकानी एवं बेतूकी हरकतों से भारत को उकसाना चाहता है। इसी नीति के तहत वह भारत के पड़ोसी देशों में अपनी पैठ बना कर पुलों, सड़कों, व्यावसायिक केंद्रों आदि का निर्माण कर भारत की सीमा पर तनाव पैदा करने की भी कोशिश करता रहा है। शायद उसने यह मुगालता पाल लिया है कि ताजा घटनाक्रम से भारत दबाव में आ जाएगा लेकिन भारत अब ऐसे किसी दबाव में न तो आयेगा, बल्कि इनका सक्षम एवं तीक्ष्ण तरीके से जबाव देने में भारत सक्षम है। चीन का अधिक बौखलाहट एवं खीज का बड़ा कारण भारत ने उसके एयर डिफेंस सिस्टम, ड्रोन, मिसाइल आदि की इस कदर पोल खोल कर रख दी कि अब उसके लिए दुनिया के निर्धन देशों को अपने दोयम दर्जे एवं घटिसा किस्म के चीनी हथियार बेचना कठिन होगा। पाकिस्तान ने जिस चीनी मिसाइल का इस्तेमाल किया था, उसे भारत ने नाकाम कर दिया।

चीन यह तो चाहता है कि भारत उसके हितों को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरते, लेकिन खुद उसकी ओर से भारत के प्रति अपेक्षित संवेदनशीलता को लगातार नजरअंदाज करता है। चीन भरोसे लायक देश नहीं है, चीन के प्रति कठोर रवैया जरूरी है। निस्संदेह नाम बदलने जैसी घटनाएं हमें सतर्क करती हैं कि चीन के साथ मैत्री संबंधों के निर्धारण के दौरान हमें सजग, सावधान व सचेत रहना चाहिए। अन्यथा चीन पीठ पर वार करने से नहीं चूकने वाला है। भारत को चीन के साथ अपनी तिब्बत नीति पर भी नए सिरे से विचार करना होगा। पिछले तीसरे साल में चीन ने अरुणाचल प्रदेश के अनेक स्थानों के नाम बदले हैं। चीन अरुणाचल को जांगनान के नाम से दर्शाता है। वहीं इसे तिब्बत के दक्षिणी हिस्से के रूप में होने का दावा करता है। चीन किये गये वायदों एवं समझौतों से पीछे हटता रहा है, चीनी राष्ट्रपति ने दोनों देशों के बीच 1993, 1996, 2005 और 2013 में परस्पर भरोसा पैदा करने वाले समझौतों को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया। उन्होंने अपनी सेना को भारतीय दावे वाले इलाकों में अतिक्रमण करने का आदेश दिया। इसी का अंजाम रही जून 2020 में गलवान घाटी जैसी घटना। जिसमें उसके सैनिक गलवान घाटी में घुस आए थे, जिन्हें रोकने में खूनी संघर्ष हुआ। तबसे दोनों देशों के रिश्ते तनावपूर्ण बने हुए हैं। भारत के हिस्से की जमीन पर कब्जा करने के इरादे से वह चोरी-छिपे और



चालबाजी से घुसपैठ करने की कोशिशें करता रहता है। चीन की विस्तारवादी नीति भारत सहित सम्पूर्ण एशिया के लिये ही नहीं, पूरे विश्व के लिए बड़ा खतरा है। चीन भारत की बढ़ती ताकत एवं रूतबे से परेशान है। भारत की बढ़ती आर्थिक और सामरिक ताकत चीन को चुभती रही है, इसलिए वह चोरी, चालाकी और चालबाजी से भारत को कमजोर करने की चालें चलता रहता है। दरअसल, सीमाओं को लेकर नित नए विवादास्पद तथ्य लाना चीन की फितरत में शामिल है। अरुणाचल प्रदेश ही नहीं, अक्साई चिन, ताइवान और विवादित दक्षिण चीन सागर पर भी चीन अपना दावा जताता रहा है। शातिर और चालबाज चीन अरुणाचल के किसी दस्तावेज पर भारत का नाम स्वीकार नहीं करता। कुछ मौकों पर तो वह अरुणाचल को अपने नक्शे में शामिल कर दुनिया के सामने साबित करने की कोशिश कर चुका है कि वह उसका इलाका है। मगर भारत की तरफ से मिले सख्त प्रतिरोध की वजह, सामरिक शक्ति और रणनीतिक सूझ-बूझ से उसे हर बार मुंह की खानी पड़ी है।

भारत को अनेक मोर्चों पर चीन को आडे हाथ लेना होगा, सबसे जरूरी है चीन सामान का बहिष्कार, इस पर सरकार के साथ हमारे उद्योग जगत एवं आम जनता को भी गंभीरता से सोचना होगा। ऐसा करके ही चीन की कमर को तोड़ा जा सकता है, आज दुनिया के अनेक देश चीनी सामान का बहिष्कार कर रहे हैं, हमें भी कठोर कदम उठाने होंगे। भारत ने जब भी पाकिस्तान में पनाह पाए आतंकियों को अंतरराष्ट्रीय आतंकवादियों की सूची में डलवाने का प्रयास किया, चीन संयुक्त राष्ट्र में अपने वीटो का प्रयोग कर उसे रोकने की कोशिश करता रहा है, जबकि पूरी दुनिया आतंकवाद के खिलाफ युद्ध का समर्थन करती रही है। जिससे पता चलता है कि अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत से दोस्ती का हाथ बढ़ाने तथा व्यापार-कारोबार बढ़ाने की बात करने वाला चीन भारत के प्रति कैसी दुर्भावना रखता है। वह वैश्विक संगठनों व मंचों पर भारत के साथ खड़ा होने का दावा एवं ढोंग ही करता है।

भारत एवं चीन दोनों देशों के बीच संबंधों में आने वाली तल्खी की बड़ी वजह भी चीन की नीयत में खोट, उच्छृंखलता एवं अनुशासनहीनता ही है। चीन ने एक बार फिर अपनी इस हरकत से भारत के प्रति शत्रुता को ही जाहिर किया है। भारत के साथ चीन का बर्ताव हमेशा दोगला एवं द्वेषपूर्ण रहा है। इसकी भी अनदेखी नहीं कर सकते कि चीन किस तरह पाकिस्तान को भारत के खिलाफ मोहरे की तरह इस्तेमाल करता रहा है। जाहिर बात है कि चीन ने ऐसा न केवल चुनौतीपूर्ण समय में भारत का ध्यान भटकाने के लिये किया है, बल्कि पाकिस्तान के साथ एकजुटता दिखाने के लिये भी किया है।

अपनी आर्थिक शक्ति के नशे में चूर अहंकारी चीन अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों को जिस तरह धता बता रहा है, उससे वह विश्व व्यवस्था के लिए खतरा ही बन रहा है। अब यह भी किसी से छिपा नहीं कि वह गरीब देशों को किस तरह कर्ज के जाल में फंसाकर उनका शोषण कर रहा है। चीन भूल गया है कि अब भारत 1962 वाला भारत नहीं है, यह नया भारत है और आज का भारत चीन को मिट्टी में मिलाने की ताकत रखता है। भारत की रणनीति साफ है, स्पष्ट है। आज का भारत समझने और समझाने की नीति पर विश्वास करता है लेकिन अगर हमें आजमाने की कोशिश होती है तो जवाब भी उतना ही प्रचंड देने में वह समर्थ हैं। भारतीय सेना में सरहदें बदल देने की क्षमता है, दुश्मनों को इरादों को ध्वस्त करने का मादा है इसलिये चीन अपने नक्शे में भले ही छेड़छाड़ करता रहे, लेकिन भारत की भूमि पर कब्जाने की उसकी मंशा अब कभी साकार नहीं होगी।

# शाला एवं सड़क निर्माणाधीन कार्यों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

■ आगामी शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने से पूर्व शाला निर्माण कार्यों को पूरा करने के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 16 मई।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज विकासखंड कुआकोंडा के ग्राम फुलपाड़ से कोलियानपारा तक प्रस्तावित तीन किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर पहुँच कर कार्य की वर्तमान प्रगति की समीक्षा की और संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए, ताकि ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिल सके।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री दुदावत ने गोंगपाल स्वामी आत्मानंद हाईस्कूल में निर्माणाधीन अहाता का भी जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को कार्य में और तेजी लाकर 15 दिवस के अंदर इसे जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, कलेक्टर ने कुआकोंडा स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय परिसर में निर्माणाधीन अतिरिक्त कक्ष का भी



निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य की धीमी प्रगति पर चिंता व्यक्त करते हुए संबंधित एजेंसी को निर्देशित किया कि आगामी शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने से पूर्व निर्माण कार्य हर हाल में पूर्ण कर लिया जाए, जिससे विद्यार्थियों को समय पर समुचित शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

कुआकोंडा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे कलेक्टर, मरीजों से उनके उपचार और दी जा रही सुविधाओं की ली जानकारी, निकट समाप्ति तिथि दवाइयों के संबंध में त्वरित रिपोर्टिंग करने तथा मरीजों के लैब रिपोर्ट को ऑनलाइन करने के संबंध में दिए निर्देश

कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने इसके अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुआकोंडा का निरीक्षण करते हुए स्वास्थ्य केंद्र में संचालित विभिन्न इकाइयों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विशेष रूप से कक्ष में ओपीडी, प्रसवोत्तर कक्ष, एक्सरे कक्ष, प्रयोगशाला का जायजा लेते हुए। जिसमें ओपीडी यहाँ आने वाले मरीजों की संख्या, रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया, डॉक्टरों की उपस्थिति एवं दवाओं की उपलब्धता की जानकारी ली । प्रसव कक्ष में गर्भवती महिलाओं के लिए की जा रही प्रसवपूर्व तैयारियों और साफ-सफाई की स्थिति का निरीक्षण किया गया। आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता और उपयोगिता की भी जांच की गई। प्रसवोत्तर वार्ड में नवप्रसूताओं को दी जा रही सुविधाओं, पोषण, दवाओं और देखभाल व्यवस्था को भी देखा। तत्पश्चात उन्होंने नवजात शिशु देखभाल कक्ष नवजात शिशुओं के लिए की गई विशेष चिकित्सा व्यवस्था, आवश्यक उपकरण, तापमान नियंत्रण और सफाई व्यवस्था पर ध्यान देने को कहा।

## हमर शाला के गोठ विषय पर कार्यशाला आयोजित



**जगदलपुर, 16 मई।** विद्यालयों में सामुदायिक सहभागिता को बढ़ाने के उद्देश्य से बुधवार को बकावंड में इंडिया एजुकेशन कलेक्टिव के तत्वाधान में ब्लॉक स्तरीय %हमर शाला के गोठ% विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में बैठक में बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन, उपस्थिति, ठहराव एवं बच्चों की बेहतर सीख में बढ़ोतरी व विद्यालय की मूलभूत आवश्यकताएं, शिक्षा प्रबंधन समिति की भागीदारी आदि पर विस्तार से चर्चा की गई. बैठक की अध्यक्षता जनपद सीईओ परमेश्वर कुर्रे, मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष श्रीमती सोनबारी भद्रे, विशेष अतिथि तरुण पांडे एवं सरपंच संघ के अध्यक्ष रीमाधर बघेल, उपाध्यक्ष गोपाल कश्यप, सचिव संतोष कुमार कश्यप, कोषाध्यक्ष धनपति, संयोजक संरक्षक दुर्लभ सूर्यवंशी, कमल मौर्य, मीडिया प्रभारी नीलम कश्यप, मधुसूदन, संतोष एवं सरपंच गण एवं बीईओ श्रीनिवास मिश्रा एवं बीआरसी सोनसिंग बघेल की उपस्थित में सम्पन्न हुआ। इस दौरान बीआरसी सोन सिंह कश्यप द्वारा बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की प्राप्ति हेतु ग्राम पंचायत स्तर में सामुदायिक सहभागीता को बढ़ाने हेतु विशेष सहयोग का आग्रह जनप्रतिनिधियों से किया गया। इस दौरान इंडिया एजुकेशन कलेक्टिव के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर अशोक बघेल एवं ब्लॉक कोऑर्डिनेटर श्रीमति हितेश्वरी साहू व इंद्रजीत सहित बकावंड विकासखंड के 75 ग्राम पंचायत के सरपंच एवं जनपद सदस्य उपस्थित रहे।

## होमगार्ड की लिखित परीक्षा के लिए होगा ऑनलाइन पंजीयन

■ चयनित आवेदकों के ऑनलाइन पंजीयन की अंतिम तिथि 30 मई

**सुकमा, 16 मई।** होमगार्ड विभाग में 1715 महिला नगर सैनिकों (छात्रावास डियुटी) तथा 500 नगर सैनिको (जनरल ड्यूटी) के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु वर्ष 2024 में शारीरिक माप-जोख एवं दक्षता परीक्षा 04 संभागीय केन्द्रों में रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर एवं अम्बिकापुर में आयोजित की गई थी। जिसमे पात्र कुल 20137 अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा के लिए चयनित किया गया है, चयनित सभी अभ्यर्थियों की सूची विभागीय वेबसाईट https:firenoc.cg.gov.in पर उपलब्ध है। चयनित सभी अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र के लिए छग व्यापम वेबसाईट https:\\vyapamcg.cgstate.gov.in के लिंक में जाकर पंजीयन करना अनिवार्य होगा। विभाग द्वारा आबंटित एप्लीकेशन आई डी. एवं जन्मतिथि डालकर अभ्यार्थी छग व्यापन की वेबसाईट पर लिखित परीक्षा हेतु आवेदन करेंगे, बस्तर संभाग के सभी जिलों के अभ्यर्थियों का लिखित परीक्षा संभाग मुख्यालय जगदलपुर में आयोजित की जावेगी, विभागीय वेबसाईट पर पंजीयन की अंतिम तिथि दिनाक 30.05.2025 शाम 05.00 बजे तक निर्धारित है।

## एक नजर

### डाक विभाग ने शुरू किया ज्ञान पोस्ट

भारतीय डाक
India Post

**कोंडागांव, 16 मई।** भारतीय डाक विभाग द्वारा डाक सेवाओं के माध्यम से ज्ञान पोस्ट की शुरुआत की गई है। इस सम्बंध में उपसंभागीय निरीक्षक डाक आरएस मिश्रा ने बताया कि इस पहल के माध्यम से डाक विभाग सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व की शिक्षा को बढ़ावा देगा साथ ही शैक्षणिक पुस्तकें, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से संबंधित पाठ्य पुस्तकें तथा सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व से जुड़े किताबों को भेजने के लिए एक विशेष सेवा प्रदान करेगा। पुस्तकों पर ÷ट्रेक व ट्रेस÷ सुविधा उपलब्ध होगी। 'ज्ञान पोस्ट' सेवा की शुरुआत से देशभर में किताबें कम दरों पर आसानी से भेजी जा सकेंगी। यह पहल ज्ञान और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक बड़ा कदम है। अब ज्ञान की डिलीवरी और किफायती होगी। पैकेट्स बेहद किफायती दरों पर भेजे जा सकेंगे जिसमें 300 ग्राम तक ?20 और 5 किलोग्राम तक 100 रु में भेजे जा सकते है। ÷ज्ञान पोस्ट' शिक्षा के क्षेत्र में अभिनव पहल है।

### प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 22 मई को

जगदलपुर, 16 मई। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र जगदलपुर में 22 मई 2025 दिन गुरूवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 4 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। निजी प्राईवेट क्षेत्र के एक नियोजक के कुल 11 पद एवं योग्याता तथा वेतन पदानुसार अनुभवी को प्राथमिकता दी जाएगी। कार्यक्षेत्र जगदलपुर, कोण्डागांव और दंतेवाड़ा पदों की पूर्ति हेतु भर्ती किया जाएगा। इच्छुक आवेदक निर्धारित स्थल पर समयावधि में अपनी समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों की मूल प्रतियां, एक-सेट छायाप्रतियां, एक पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ सहित उपस्थित होकर अवसर का लाभ ले सकते हैं।

### चयनित आवेदकों का विद्यालय में दाखिला प्रवेश 30 मई तक

जगदलपुर, 16 मई। निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत लोक शिक्षिण संचालनालय इंद्रावती भवन नवा रायपुर द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रथम लाटरी में बस्तर जिले अंतर्गत कुल 550 छात्र-छात्राओं का ऑनलाईन लाटरी के माध्यम से चयन किया गया है। उक्त चयनित आवेदनों का विद्यालय में दाखिला प्रवेश कार्य अंतिम तिथि 30 मई 2025 तक लोक शिक्षण संचालनालय इंद्रावती भवन नवा रायपुर द्वारा निर्धारित किया गया है। इसके उपरांत द्वितीय चरण आवेदन, नवीन स्कूल पंजीयन, दर्ज संख्या प्रविष्टि एवं जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सत्यापन कार्य किया जाएगा।

### 17 मई का प्लेसमेंट कैम्प युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

**दंतेवाड़ा, 16 मई।** जिले के युवाओं के लिए रोजगार के सुनहरा अवसर के रूप में 17 मई 2025 (रविवार) को जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज कारली, दंतेवाड़ा में प्रातः 11 बजे से शाम 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन पूरी तरह से निःशुल्क है। प्लेसमेंट कैम्प में विभिन्न पदों के लिए कुल 150 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। इच्छुक आवेदकों से आग्रह किया गया है कि वे अपने समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों की मूल एवं छायाप्रतियां, एक पासपोर्ट

# अपनों के बीच पहुंकर बहुत अच्छा लगाः साय





■ सुकमा-दंतेवाड़ा के सीमावर्ती ग्राम मुलेर में मुख्यमंत्री ने लगाई चौपाल

■ मुख्यमंत्री को अपने बीच पा कर ग्रामीण हुए गदगद, गौर मुकुट, स्थानीय प्राकृतिक संसाधनों का हार और गुलदस्ता से किया स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 15 मई।** सुशासन तिहार 2025 के तहत मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय गुरुवार को अचानक दंतेवाड़ा जिले ग्राम मूलेर पहुंचे। मूलेर दंतेवाड़ा-सुकमा जिला के सीमावर्ती ग्राम है जो नियद नेल्लानार योजना के अंतर्गत विकास कार्य को गति दिया गया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने इमली पेड़ के नीचे चौपाल लगाकर खाट में बैठकर ग्रामीणों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैं भी प्रदेश के आदिवासी क्षेत्र जशपुर का आदिवासी हूँ, अपनों के बीच पहुंचकर अच्छा लग रहा हूँ । सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आप लोगों तक पहुँच रही की नहीं ये आप लोगों से चर्चा करने हम पहुँचे हैं । मेरे साथ प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद हैं। इमली पेड़ के नीचे आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों ने अपने बीच मुख्यमंत्री को पाकर गदगद हुए और मुख्यमंत्री का गौर मुकुट पहनाकर, स्थानीय प्राकृतिक संसाधन महुआ आमपत्ती का हार और छिंद के पत्ती से बने गुलदस्ता से स्वागत किए। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के साथ फोटो भी खिंचवाई। चौपाल में ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से अपनी मांगों के संबंध में चर्चा किए।

कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री ने पटेलपारा में फ्रीबेरीकेटेड आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। आंगनबाड़ी केंद्र में 17 दर्ज संख्या वाले आंगनबाड़ी केंद्र में मुख्यमंत्री ने बच्चों से ईसीसी गतिविधि का संज्ञान लेकर बच्चों से अक्षर ज्ञान की जानकारी ली और बच्चों को चाकलेट भी वितरित की। इसके बाद उचित मूल्य की दुकान का निरीक्षण कर अपने समक्ष में राशन सामग्री का वजन नाप करवाया और तीन हितग्राहियों को राशन सामग्री वितरण किए। मुख्यमंत्री ने हितग्राहियों को मिल रहे राशन की जानकारी ली, उन्होंने ग्रामीणों से पूछा प्रत्येक माह राशन मिलता है। चना मिलता है चना का क्या उपयोग करते है। इस दौरान मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक श्री अरुण देव गौतम, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह, कमिश्नर श्री डोमन सिंह, आईजी श्री सुंदरराज पी., आयुक्त जनसंपर्क डॉ रवि मित्तल, कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत, पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय, सुकमा पुलिस अधीक्षक श्री किरण चव्हाण भी उपस्थित रहे ।

**मुख्यमंत्री साय ने की घोषणा**-ग्राम पंचायत - मूलेर में माता मंदिर अंदल कोसम को बनाने के लिए चारा लाख की राशि स्वीकृत की। मूलेर में उप स्वास्थ्य केन्द्र बनाने, मूलेर से नाहाडी तक जाने के लिए सड़क निर्माण की स्वीकृति। मूलेर के सभी पारा से संपर्क के लिए पुलिया निर्माण और सीसी सड़क के लिए 5 लाख की स्वीकृति दी। मूलेर को सुकमा जिले में शामिल करने की प्रयास किया जाएगा। शिविर लगाकर वनाधिकार मान्यता पत्र, आधार कार्ड और आयुष्मान कार्ड बनाने की कार्यवाही की जाएगी।

## बेटियों के सुरक्षित भविष्य के लिए सुकन्या समृद्धि योजना में किया जमा

■ अनिता माड़वी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को दिया धन्यवाद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 16 मई।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें हर तरह से सबल एवं सक्षम बनाने हेतु शुरू की गई महतारी वंदन योजना राज्य के महिलाओं के लिए हर तरह से उपयोगी एवं अत्यंत लाभप्रद सिद्ध हो रहा है। राज्य की महिलाएं इस योजना से प्रतिमाह मिलने वाली राशि का उपयोग इलाज, घरेलु कार्य एवं अन्य जरूरी कार्यों के लिए करने के साथ-साथ अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा-दीक्षा दिलाने में भी कर रहीं है। राज्य शासन का महत्वाकांक्षी



महतारी वंदन योजना सुकमा जिले के आदिवासी बहुल ग्राम फुलबगड़ी की ग्रामीण महिला श्रीमती माड़वी अनिता के लिए मुश्किल वक्त का सहारा बन गया है। अनिता ने बताया कि महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रतिमाह मिलने वाली राशि भविष्य में उनके बच्चों के पढ़ाई-लिखाई के लिए बहुत बड़ा सहारा बनेगा। मेरी दो बेटियां हैं उनके उज्जवल भविष्य के लिए महतारी वंदन योजना से मिलने वाली राशि को मैं प्रतिमाह सुकन्या समृद्धि योजना के बैंक खाते में जमा करती हूँ। मैं बहुत खुश हूँ। इस तरह से छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा महतारी वंदन योजना लागू करने से अनिता के परिवार की बहुत बड़ी चिंता दूर हुई है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार को हृदय से धन्यवाद देते हुए उनके प्रति विनम्र आभार व्यक्त किया है।

## किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने भिलाई में अपना दूसरा एक्सक्लूसिव शोरूम किया लॉन्च



**रायपुर, 16 मई।** किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने छत्तीसगढ़ के भिलाई स्थित मोतीलाल नेहरू नगर में अपने दूसरे एक्सक्लूसिव शोरूम के भव्य उद्घाटन की घोषणा की। इस शुभ अवसर पर हरि कृष्णा ग्रुप के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक श्री घनश्याम ढोलकिया की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा बढ़ाई। शोरूम के उद्घाटन के उपलक्ष्य में किसना ग्राहकों को मेकिंग चार्ज़ पर 100प्रतिशत तक की छूट और हमारी नवीनतम समर कलेक्शन – जहाँ सहज सादगी मिलती है शाश्वत भव्यता से – की खोज करने का आमंत्रण देता है। घनश्याम ढोलकिया, संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक, हरि कृष्णा ग्रुप ने कहा- भिलाई में यह शोरूम हमारे मध्य भारत में बढ़ते रिटेल नेटवर्क का एक रणनीतिक विस्तार है।

## 8 परियोजनाओं में जिला प्रशासन स्थापित करेगा रेडी टू ईट निर्माण यूनिट



**दंतेवाड़ा, 16 मई।** जिले के महिला बाल विकास विभाग के 8 परियोजना अंतर्गत रेडी टू ईट निर्माण यूनिट स्थापित किए जाएगें। इनमें से पांच स्थान कुआकोंडा, बड़े गुडरा, गीदम, बारसूर, दंतेवाड़ा में रेडी टू ईट निर्माण यूनिट स्थापित करने के लिए स्वचालित मशीनें क्रय की जा रही है। इस निर्माण यूनिट के संचालन का जिम्मा स्व सहायता समूहों की महिलाओं को दिया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत द्वारा कुआकोंडा में रेडी टू ईट निर्माण स्थल का निरीक्षण करते हुए इसी माह प्रारंभ करने का निर्देश अधिकारियों को दिया गया।

■ स्वसहायता समूहों की महिलाएं करेगी निर्माण यूनिट का संचालन

## औषधि सुरक्षा के लिए टीम ने 16 प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण




**दंतेवाड़ा, 16 मई।** दंतेवाड़ा जिले में औषधि सुरक्षा और गुणवत्ता सुनिश्चित करने की दिशा में एक अहम पहल के तहत खाद्य एवं औषधि प्रशासन, छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत की निगरानी में औचक निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस संबंध में सहायक औषधि नियंत्रक एवं औषधि निरीक्षक की संयुक्त टीम ने नकुलनार, बचेली, दंतेवाड़ा और गीदम क्षेत्रों के कुल 15 औषधि प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि चार मेडिकल स्टोर्स, जिनमें कर्मा मेडिकल स्टोर (दंतेवाड़ा), हिन्द मेडिकल स्टोर (गीदम), मंडल मेडिकल स्टोर (गीदम) एवं बालाजी मेडिकल स्टोर (दंतेवाड़ा) के नाम शामिल है। वहां सीसीटीवी कैमरे स्थापित नहीं थे, जो औषधि सुरक्षा के निर्धारित मानकों का उल्लंघन है। इसके तहत इन प्रतिष्ठानों को तीन दिवस के भीतर सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं, विभागीय अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान औषधि कारोबार को अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी और नियमबद्ध बनाने की दिशा में एक ठोस कदम है, जिससे जिलेवासियों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण औषधियां उपलब्ध कराई जा सकें। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा यह भी प्रस्तावित किया गया है कि जिले के सभी औषधि विक्रेताओं को अपने प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से स्थापित करने होंगे।

## सुरनार समाधान शिविर में ग्रामीणों ने उत्साह से बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया

**दंतेवाड़ा, 16 मई।** सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत आज जनपद पंचायत कटेकल्याण के ग्राम सुरनार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें धनीकरका, दुवालीकरका, सुरनार, बड़ेलखापाल और गाटम सहित आसपास के ग्रामों के सैकड़ों ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर जनपद पंचायत कटेकल्याण के अध्यक्ष श्री हिड़मा कवासी, उपाध्यक्ष श्री भीमसेन मंडावी, जनपद सदस्य, सरपंच एवं पंचगण सहित जनपद पंचायत कटेकल्याण के सीईओ श्री आशीष डे, तहसीलदार श्रीमती आशा मौर्य सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। शिविर में विभिन्न 22 विभागों से कुल 461 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 459 आवेदन मांग संबंधित एवं 2 शिकायत से जुड़े हुए थे। अधिकारियों द्वारा सभी आवेदनों का निराकरण शिविर स्थल पर ही किया गया।

# समेली समाधान शिविर में कलेक्टर एवं विधायक हुए शामिल

**दंतेवाड़ा, 16 मई।** आज कुआकोंडा विकासखंड के ग्राम समेली में हुए समाधान शिविर के आयोजन में क्षेत्र के विधायक श्री चैतराम अटामी ने कहा कि सुशासन तिहार-2025 के माध्यम से पंचायत स्तर पर शिविर के आयोजन हो रहे है। इन शिविर में ग्रामीणों के विभिन्न समस्याओं और मांगों के अलावा जैसे जाति, आय प्रमाण-पत्र बनाए जाना, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड बनाने जैसे कार्य युद्व स्तर पर किये जा रहे है अतः ग्रामीणों की जिम्मेदारी है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इन शिविरों में उपस्थित



होकर अपनी समस्याओं का निराकरण करायें। इसके लिए उन्हें किसी भी कार्यालय का चक्कर काटने की आवश्यकता नहीं है। प्रशासन स्वयं उनके घर द्वार पर आकर उनकी समस्याओं का निराकरण कर रहा है। इसके साथ ही उन्होंने राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राज्य शासन कि मंशा है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचे और प्रदेश के सर्वांगीण विकास में सभी की सहभागिता हो। इसी उद्देश्य में सुशासन तिहार का निहितार्थ है। इस संबंध में सभी जागरूक ग्रामीण भाईयों ने आवेदनों के माध्यम से अपनी मांग रखी है जिसका विभागों द्वारा तत्काल आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण किया गया और समाधान शिविर में जानकारी दी जा रही है। सुशासन तिहार में आवेदनों का निराकरण जिस तेजी के साथ किया गया यह सतत रूप से जारी रहेगी।

सरकार इस दिशा में लगातार सार्थक प्रयास करेगी। समाधान शिविर में उपस्थित श्री कुणाल दुदावत ने भी ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे अपने सभी मांगों और आवेदनों जैसे तार फेंसिंग, मुर्गी और बकरी पालन शेड निर्माण जैसे रोजगार मूलक आवेदनों को संबंधित विभाग के समक्ष प्रस्तुत करें।

# आतंक के प्रतीक लाल झंडे को उतारकर सीआरपीएफ जवानों ने फहराया तिरंगा

■ सेंट्रल पुलिस बल के जवानों का बड़ा योगदान

■ केंद्र सरकार के संकल्प को पूरा कर रही है फोर्स

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 16 मई।** सीआरपीएफ ने बस्तर संभाग के बीजापुर जिले में जिस शौर्य का प्रदर्शन किया है, वह काबिले तारीफ है। एक ओर देश की सेना जहां ऑपरेशन सिंदूर चलाकर आतंकवादियों पर करारा प्रहार कर रही थी, वहीं दूसरी ओर बस्तर की सैकड़ों माता बहनों का सिंदूर पोंछने वाले नक्सलियों के सफाये में सीआरपीएफ के जवान लगे रहे। ऑपरेशन कर्रेगुट्टा हिल उसी तरह कामयाब रहा जैसा कि ऑपरेशन सिंदूर। यहां सीआरपीएफ जवानों ने न सिर्फ 31 दुर्दांत नक्सलियों को ढेर कर दिया, बल्कि उनके हथियार भंडारों, हथियार बनाने के कारखाने, बड़े नक्सली संगठनों के हेड क्वाटर, पीएलजीए की टेक्निकल डिपार्टमेंट यूनिट, शस्त्र भंडार को भी मिट्टी में मिला दिया है। ऑपरेशन कर्रेगुट्टा हिल ने नक्सलियों को अब अधमरा करके रख दिया है। जिस पहाड़ी पर लाल आतंक का लाल झंडा लहराया करता था, वहां अब शान से तिरंगा लहरा रहा है। सबसेअहम बात तो यह है कि इतने बड़े ऑपरेशन में सिर्फ 6 जवान घायल हुए हैं।



नक्सलमुक्त भारत के संकल्प में एक ऐतिहासिक सफलता प्राप्त करते हुए सुरक्षाबलों ने नक्सलवाद के विरुद्ध अबतक के सबसे बड़े ऑपरेशन में छत्तीसगढ़- तेलंगाना सीमा पर स्थित बस्तर संभाग के बीजापुर जिले के कुर्रेगुट्टालू पहाड़ यानि कर्रेगुट्टा हिल पर 31 नक्सलियों को मार गिराया।केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि जिस कुर्रेगुट्टालू पहाड़ पर कभी लाल आतंक का राज था, वहां आज शान से तिरंगा लहरा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम नक्सलवाद को जड़ से मिटाने के लिए संकल्पित हैं, 31 मार्च 2026 तक भारत का नक्सलमुक्त होना तय है।नक्सल विरोधी इस सबसे बड़े अभियान को हमारे सुरक्षा बलों ने मात्र 21 दिनों में पूरा किया और इस ऑपरेशन में सुरक्षाबलों में एक भी कैजुअल्टी नहीं हुई। खराब मौसम और दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में भी अपनी बहादुरी और शौर्य से नक्सलियों का सामना करने वाले हमारे सीआरपीएफ, एसटीएफ और डीआरजी के जवानों को बधाई, पूरे देश को आप पर गर्व है। यह अभियान राज्य एवं केंद्र की विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय और मोदी सरकार की होल ऑफ गवर्नमेंट एप्रोच का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। केजीएच की बेहद कठिन परिस्थितियों और 45 डिग्री से अधिक तापमान के बावजूद जवानों का मनोबल उत्कृष्ट बना रहा और उन्होंने पूरे साहस के साथ ऑपरेशन को अंजाम तक पहुंचाया। कुर्रेगुट्टालू पहाड़ पीएलजीए बटालियन-1 डीकेएसजेडसी, टीएससी और सीएआरसी जैसे बड़े नक्सल संगठनों का यूनिफाइड हेडक्वार्टर था, जहां नक्सल ट्रेनिंग के साथ-साथ रणनीति और हथियार भी बनाए जाते थे। ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, महानिदेशक केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल, अरुण देव गौतम पुलिस महानिदेशक, छत्तीसगढ़ और एडीजी एंटी नक्सल ऑपरेशंस छत्तीसगढ़ ने बताया कि छत्तीसगढ़ पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों ने नक्सलियों का अभेद्य गढ़ समझे जाने वाले कुर्रेगुट्टालू पहाड़ पर 21 दिन तक चली 21 मुठभेड़ों में 16 वर्दीधारी महिला नक्सलियों समेत कुल 31 वर्दीधारी नक्सलियों के शव और 35 हथियार बरामद किए हैं। अब तक 28 नक्सलियों की शिनाख्त हो चुकी है जिन पर कुल 1 करोड़ 72 लाख रूपए के इनाम घोषित थे।

एक नजर

## मुख्यमंत्री ने माओवाद पीड़ित परिवारों को प्रधानमंत्री आवास की चाबी दी



**बीजापुर, 16 मई।** प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने बीजापुर जिले के गलगम प्रवास पर माओवाद पीड़ित परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत नवीन आवासों की प्रतीकात्मक चाबी प्रदान करने सहित अन्य पात्र परिवारों को आवास निर्माण स्वीकृति आदेश, राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड प्रदान किया। इस दौरान उक्त हितग्राहियों ने सरकार की उक्त सजग और संवेदनशील पहल के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया।मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने गलगम कैम्प में जवानों से भेंट के पश्चात उक्त हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित किया। जिसके तहत माओवाद पीड़ित परिवारों में उसूर निवासी रामबाई पति राजकुमार गटपल्ली को जब नए घर की चाबी मिली तो बुजुर्ग रामबाई ने खुशी व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री को प्यार से धन्यवाद देते हुए कृतज्ञता प्रकट किया। साथ ही सत्यवती पति लक्ष्मैया गटपल्ली ने भी नवीन आवास की सौगात के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने चन्द्रकला नोल्ली, दुर्गम शम्मी, वीरी माड़वी एवं लक्ष्मी कट्टम को प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत नवीन आवास निर्माण के लिए स्वीकृति आदेश प्रदान कर सुंदर घर बनाने की समझाइश दी। इस अवसर पर ज्योति कट्टम, राधा कड़ती आदि 05 हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड प्रदान किए जाने पर इन हितग्राहियों ने बताया कि अब रियायती दर पर खाद्यान्न एवं अन्य जरूरी सामग्री मिलने में सहूलियत होगी।

## बंगुरसिया में लगाई गई आवास हितग्राहियों के लिए जनचौपाल



**रायगढ़, 16 मई।** प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं लाभार्थियों तक समयबद्ध लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से जिला पंचायत रायगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा गत दिवस जनपद पंचायत रायगढ़ में एक विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी (ग्रामीण यांत्रिकी सेवा),कार्यक्रम अधिकारी जनपद पंचायत, सभी उप अभियंता एवं तकनीकी सहायक उपस्थित रहे।

बैठक में योजना की प्रगति, निर्माण कार्यों की स्थति एवं लाभार्थियों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे कार्य में गति लाएं और हितग्राहियों को समय पर योजना का लाभ उपलब्ध कराएं।समीक्षा बैठक में मिले निर्देशों के अनुरूप 14 मई को ग्राम पंचायत बंगुरसिया में आवास हितग्राहियों के साथ जन चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद पंचायत रायगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने की। उन्होंने हितग्राहियों से सीधे संवाद करते हुए उन्हें अगले सात दिवस के भीतर अपने आवास निर्माण में वांछित प्रगति लाने के लिए समझाइश दी।

## पीतांबर नायक तरबूज, पपीता, खीरा की खेती में नवाचार कर कमा रहे लाखों



**रायगढ़, 16 मई।** जहां अधिकतर किसान आज भी परंपरागत धान की खेती में सीमित आय से जूझ रहे हैं, वहीं रायगढ़ जिले के ग्राम लोहरसिंह निवासी श्री पीतांबर नायक ने खेती में नवाचार कर एक मिसाल पेश की है। उन्होंने धान की जगह उद्यानिकी फसलों को अपनाया और अब तरबूज, खरबूज, पपीता, खीरा और करेला जैसी नकदी फसलें उगाकर हर सीजन में 8 से 10 लाख की आमदनी कर रहे हैं।पीतांबर नायक के पास स्वयं का लगभग 30 एकड़ कृषि भूमि है, जिसमें से कुछ हिस्सों वे आधुनिक तरीके से उद्यानिकी खेती शुरू की है। इस बदलाव के पीछे उनकी दूरदर्शी सोच के साथ राष्ट्रीय उद्यानिकी मिशन के योजनाओं का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा है। उन्हें उद्यानिकी विभाग के लगातार मार्गदर्शन के साथ ही शेड नेट हाउस, पैक हाउस जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई, जिससे उनकी फसलों की गुणवत्ता और उत्पादन दोनों में सुधार हुआ। जिससे फसलों के बेहतर मांग से उन्हें उचित मूल्य मिल रहा है।पीतांबर नायक बताते हैं कि पहले वे परंपरागत खेती में सीमित आमदनी से संतुष्ट थे, लेकिन विभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन और सरकारी योजनाओं की जानकारी मिलने से उन्हें नवाचार करने का सोचा और आज फसल के लिए उन्होंने शेड नेट हाउस तैयार कर चुके है। उन्हें खरीफ में धान से जितना लाभ होता था, उससे कही अधिक उन्हें रबी में उद्यानिकी फसल से हो रहा है। आज वह उद्यानिकी फसलों से लाखों की कमाई कर रहे है। आज वे अपने आमदनी का ज्यादातर हिस्सा अपने खेतों के लिए उन्नत तकनीक खरीदने में खर्च करते है, ताकि कम समय में अधिक कार्य कर लाभ अर्जित कर सके। कृषक श्री नायक कहते है कृषक शासकीय योजनाओं का सही उपयोग करें और आधुनिक तकनीक से जुड़ें, तो खेती भी एक उन्नत व्यवसाय बन सकती है। उनकी यही सोच आज आसपास के किसानों को भी उद्यानिकी फसल अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

# गलगम पहुंच मुख्यमंत्री ने जवानों का हौसला बढ़ाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 16 मई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज बीजापुर जिले के उसूर तहसील के अंदरूनी गांव गलगम पहुंचे, जहाँ उन्होंने सीआरपीएफ के जवानों और स्थानीय ग्रामीणों से मुलाकात कर हालिया नक्सल विरोधी अभियान की सफलता पर चर्चा की। इस अभियान में सुरक्षा बलों ने करेगुट्टा की पहाड़ी पर 21 दिनों तक चले ऑपरेशन में 31 कुख्यात माओवादी आतंकियों को मार गिराया और बड़ी मात्रा में हथियार बरामद किए। मुख्यमंत्री साय ने इस अभियान को नक्सल मुक्त छत्तीसगढ़ के लक्ष्य की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी के जयकारे के उद्बोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि हमारे जवानों ने अदम्य साहस और समर्पण के साथ इस ऑपरेशन को सफल बनाया है। यह न केवल बीजापुर बल्कि पूरे राज्य के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। गलगम और करेगुट्टा का क्षेत्र लंबे समय से नक्सलियों का गढ़ माना जाता रहा है और इस अभियान ने इस इलाके को सुरक्षित बनाने की दिशा में नई उम्मीद जगाई है। सीआरपीएफ जवानों से मुलाकात के दौरान साय ने उनके साहस की सराहना की और कहा कि आपके शौर्य और निष्ठा से ही हम नक्सलवाद के खिलाफ इस लड़ाई को जीत रहे हैं।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमें सरकार में आए डेढ़ साल हुए हैं और इस अवधि में हमने राज्य में सुशासन स्थापित करने का प्रयास किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आप लगातार अनेक कठिन नक्सल विरोधी ऑपरेशन को अंजाम दे रहे हैं। आप 44 डिग्री की गर्मी में भी ऑपरेशन चलाते हैं। ऐसे जवानों के अदम्य साहस को मैं नमन करता हूँ। उन्होंने बताया कि वे सुरक्षा कैम्प को सुविधा कैम्प मानते हैं क्योंकि सुरक्षा कैम्प के माध्यम से अब बस्तर के सुदूर इलाकों में अनेक तरह की सुविधाएं पहुंच रही हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जब हमारी सरकार आयी तो इस क्षेत्र में सबसे पहला कैम्प मूलेर में खोला गया। आज मूलेर समेत आसपास के गांव में राशन की सुविधा, बिजली, स्वास्थ्य, स्कूल, मोबाइल टॉवर जैसी सुविधाएं मिलने लगी हैं। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह के नेतृत्व और मार्गदर्शन में नक्सल विरोधी अभियान में लगातार सफलता मिल रही है। राज्य में मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त करने का लक्ष्य है, निश्चित रूप से फोर्स के जवानों के अदम्य साहस की बदौलत हम इस संकल्प को पूरा कर लेंगे। उन्होंने कहा बस्तर में नियद नेल्ला नार योजना ने स्थानीय लोगों से जुड़ने में अहम भूमिका निभाई है। अपने दौरे के दौरान मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने ग्राम हितग्राहियों से भी मुलाकात की और उन्हें राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड का वितरण करते हुए पीएम आवास योजनांतर्गत स्पेशल प्रोजेक्ट नक्सल पीड़ित व आत्मसमर्पित परिवारों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि सरकार क्षेत्र में विकास कार्यों को और अधिक तेज गति से करेगी साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ को पूरी तरह नक्सल मुक्त बनाने का लक्ष्य है, और इसके लिए सुरक्षा बलों के साथ-साथ स्थानीय समुदायों का सहयोग भी जरूरी है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि क्षेत्र में सड़क, बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं को मजबूत किया जाएगा, ताकि ग्रामीण मुख्यधारा से जुड़ सकें। इसके साथ ही, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने गलगम कैंप में जवानों के साथ तस्वीर खिंचाई और भारत माता के जयकारे से उनका जोश बढ़ाया। जवानों ने भी नारे लगाते हुए देशभक्ति का जज्बा दिखाया। मुख्यमंत्री ने जवानों संग बैठकर भोजन भी किया। गलगम कैम्प में हुए आयोजन में पुलिस महानिदेशक श्री अरुण देव गौतम ने अपने उद्बोधन में फोर्स के जवानों द्वारा किए जा रहे सिविक एक्शन को सराहा।

वहीं कलेक्टर बीजापुर श्री संबित मिश्रा ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को बताया कि सुशासन तिहार-2025 के अंतर्गत बीते कल ही गलगम में समाधान शिविर का आयोजन किया गया था। इस दौरान गलगम कलस्टर में कुल 1590 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से अधिकतर आवेदन वन अधिकार पत्र के थे, जिनका परीक्षण कर सार्थक कार्यवाही की जा रही है। इस अवसर पर मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह, बस्तर रेंज आईजी श्री सुंदरराज पी., डीआईजी श्री कमलोचन कश्यप, कलेक्टर श्री संबित मिश्रा, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी और सुरक्षा बलों के जवान उपस्थित थे।

# न्यायालयों में ऑनलाइन गवाही की व्यवस्था सुनिश्चित करें:मुख्यमंत्री

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 16 मई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने बीजापुर जिला मुख्यालय में आयोजित संयुक्त समीक्षा बैठक के दौरान न्यायिक व्यवस्था को जनहितैषी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्देश देते हुए कहा कि ÷दूरस्थ अंचलों में रहने वाले ग्रामीणों को समय पर और सुलभ न्याय दिलाने के लिए न्यायालयों में ऑनलाइन गवाही की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि डिजिटल तकनीक का उपयोग कर न्यायिक प्रक्रिया को सहज और तेज़ किया जा सकता है, जिससे आम लोगों को राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि यह व्यवस्था विशेष रूप से आदिवासी अंचलों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी जहाँ आवागमन की कठिनाइयों के चलते लोग न्यायालय तक नहीं पहुंच पाते। बैठक में जिले के प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप , विधायक श्री चैत राम अट्टामी, पूर्व मंत्री श्री महेश गागड़ा, मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, डीजीपी श्री अरुण देव गौतम, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध सिंह आयुक्त जनसंपर्क डॉ. श्री रवि मित्तल, संभाग आयुक्त श्री डोमन सिंह, दोनों जिलों के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सुशासन तिहार सिर्फ एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि शासन की पारदर्शिता और जवाबदेही का प्रतिबिंब है। उन्होंने बताया कि सुशासन तिहार 2025 तीन चरणों में चलाया जा रहा है, और तीसरे चरण में वे स्वयं जिलों का दौरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीते डेढ़ वर्षों में हमने मोदी की गारंटी के वादों को प्राथमिकता से लागू किया है, जिससे आमजन में सरकार के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ है।मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते डेढ़ वर्षों में बस्तर संभाग में नक्सलवाद के खिलाफ प्रभावशाली कार्रवाई हुई है। उन्होंने मार्च 2026 तक नक्सलवाद के समूल उन्मूलन का संकल्प दोहराते हुए कहा कि आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों के लिए रहवास, पुनर्वास, कौशल प्रशिक्षण और रोजगार की पूरी व्यवस्था की जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि एनएमडीसी और निजी क्षेत्र की भागीदारी से प्लेसमेंट कैंप आयोजित किए जाएं ताकि ये युवा मुख्यधारा में आत्मविश्वास से लौट सकें।मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय अंचलों में स्थानीय संसाधनों के अनुरूप रोजगार के अवसर विकसित किए जाएं। उन्होंने 1460 पंचायतों में शुरू हुए अटल सेवा केंद्रों की जानकारी देते हुए कहा कि अब ग्रामीणों को बैंकिंग जैसी सेवाएं गांव में ही मिलेंगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय बाहुल्य बस्तर क्षेत्र खनिज एवं वनोपज संपदा से समृद्ध है। यहां के रहवासियों की आय संवृद्धि और उन्हें विकास की मुख्यधारा से सकारात्मक प्रयास कर रहे हैं। बस्तर के समग्र विकास को सुनिश्चित कर बस्तर ही नहीं समूचे छत्तीसगढ़ और देश को मार्च 2026 तक बस्तर से माओवाद का समूल उन्मूलन करेंगे। उन्होंने वनोपज संग्रहण , प्रसंस्करण और खेती को जनजातीय समुदाय के समृद्धि के जरूरी निरूपित करते हुए खेती-किसानी को बढ़ावा देने सहित सिंचाई के साधनों के विकास और कृषि के आनुषांगिक गतिविधियों मछलीपालन, पशुपालन, बकरापालन, सूकरपालन और दुग्ध उत्पादन के लिए बेहतर प्रयास किए जाने के निर्देश दिए। वहीं बस्तर में पर्यटन सुविधाओं के विकास पर फोकस कर इसके जरिए रोजगार को बढ़ावा देने कहा। मुख्यमंत्री ने बस्तर के ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र के जरिए आम जनता को ज्यादा से ज्यादा सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने नियद नेल्लानार योजनांतर्गत सम्बन्धित क्षेत्रों में सड़क, पुल-पुलिया तथा अन्य विकास कार्यों को टीम भावना के आगे बढ़ाते हुए जन सेवा में जुटे रहने के निर्देश दिए। वहीं शासन की सभी योजनाओं का कारगर क्रियान्वयन किए जाने तथा व्यक्तिमूलक योजनाओं से प्रत्येक पात्र व्यक्तियों को सेचुरेशन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।बीजापुर के कलेक्टर ने जानकारी दी कि समर कैम्प और बाल शिक्षा मित्र कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाई जा रही है। दंतेवाड़ा जिले में परीक्षा परिणामों में उल्लेखनीय सुधार (हाई स्कूल में 10त्न और हायर सेकेंडरी में 4त्न वृद्धि) पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने नई औद्योगिक नीति के अंतर्गत राइस मिल लगाने के लिए दी गई रियायतों की जानकारी दी और स्थानीय युवाओं को इससे जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने ऊंची भूमि में मक्का की खेती को प्रोत्साहित करने की बात कही ताकि कृषक आय में वृद्धि हो।मुख्यमंत्री श्री साय ने मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा योजना की जानकारी देते हुए कहा कि बस्तर और सरगुजा संभाग के अंदरूनी गांवों को मुख्य मार्ग से जोड़ा जाएगा। उन्होंने बीजापुर और दंतेवाड़ा कलेक्टर को रूट चिन्हांकन कर प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए।मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से आग्रह किया कि टीम भावना से कार्य करें और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। बैठक में डीजीपी श्री अरुण देव गौतम ने भी समन्वयपूर्ण कार्यशैली पर बल दिया।

## प्रेस वार्ता में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा करेंगुट्टा आपरेशन की स्पष्ट जांच होनी चाहिए



**बीजापुर, 16 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला मुख्यालय बीजापुर के सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए एक सवाल के जवाब में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव भूपेश बघेल ने कहा कि ÷करेंगुट्टा आपरेशन की स्पष्ट जांच होनी चाहिए क्योंकि पहले मुखमंत्री बयान देते हैं इनके बयान का खंडन उपमुख्यमंत्री ने किया अब मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री दोनों के बयान को डीजीपी ने खंडन करते हुए कहा 22 नहीं 31 नक्सली मारे गए हैं। पहले सीएम ने कहा संकल्प हैं डीजीपी ने कहा नहीं यह ब्लैक फारेस्ट है। उन्होंने आगे कहा यूनिफाइड कमांड के अध्यक्ष मुख्यमंत्री होते है उनको ही नहीं पता कौन सा अभियान चल रहा है गृहमंत्री को भी नहीं पता कल बीजापुर में अधिकारियों ने दोनों के गाल में तमाचा मार कर गए है न ही संकल्प और न ही विकल्प है ये ब्लैक फारेस्ट है, कितनी बड़ी बात है।अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भोपालपटनम पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर भोपालपटनम से कुचनूर गांव के कोरंडम खदान पहुंचे जहां कुछ दिन पहले अवैध खनन किया जा रहा था इस पर उन्होंने कहा कि सरकार एक तरफ़ फारेस्ट बफर क्षेत्र में अवैध कोरंडम खनन करती है वही दूसरी ओर ग्रामीणों को तेंदूपत्ता तोढ़ाई करने से रोकने का काम करती है। मनरेगा का काम बंद है। तेंदूपत्ता का काम बंद है। पहले बैंको की कमी के कारण नगदी भुगतान होता था लेकिन अब नहीं हो रहा है जिले के लोग रोजगार की तलाश में पलायन कर रहे हैं जो कि चिंता जनक है। इसके पहले पूर्व मुख्यमंत्री और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव भूपेश बघेल के एकदिवसीय बीजापुर दौरे के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नेलसनार, भैरमगढ़, माटवाड़ा, नैमेड, बीजापुर, मद्देड और भैरमगढ़ में भव्य स्वागत और रैली निकाली इस मौक़े पर बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी, मितलेश स्वर्णकार, पूर्व विधायक राजमन बेंजाम, जिला पंचायत बीजापुर के पूर्व अध्यक्ष शंकर कुडियम, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम, जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे, जिला पंचायत सदस्य लच्छू राम मौर्य, बसंत ताटी, सरिता चापा, मिच्छा मुतैया, कामेश्वर गौतम, जनपद सदस्य मनोज अवलम, जनपद अध्यक्ष सोनू पोटाम, उपाध्यक्ष दिनेश पुजारी, चापा सुरेंद्र, बेनहर रावतिया, सुखदेव नाग, जितेंद्र हेमला, निर्मला मरपल्ली, रिंकी कोरम, रवि बोरे, पुरुषोत्तम खत्री, अरुण वासम, सुनील उद्दे, सुरेश कुमार सोढ़ी, के. जी. सत्यम, मनोज कसोजी, मोहित चौहान, संजना चौहान, सुनीता जितेंद्र हेमला, समेत महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, हस्ट्ठ और मोर्चा प्रकोष्ठों के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में पहुंचे थे।

# पूर्व सीएम भूपेश बघेल बीजापुर पहुंच कोरंडम और नक्सल ऑपरेशन पर सरकार पर कसा तंज



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भोपालपटनम,16 मई।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बीजापुर जिले के भोपालपटनम का दौरा कर कोरंडम खदान और नक्सल ऑपरेशन पर सरकार कि तरफ तंज कसते हुए भाजपा सरकार पर तीखे तेवर दिखाए है।

पूर्व सीएम बघेल भोपालपटनम के रेस्ट हॉउस पहुंचकर पहले कार्यकर्ताओ और ग्रामीणों से मुलाक़ात कि उसके बाद धुर नक्सल प्रभावित गांव कुचनूर के कोरण्डम खदान पहुंचकर खदान के खनन स्थान को देखा और कहाँ है कि बिना ग्राम सभा के काम शुरू किया जा रहा है जहाँ बफर जोन में तेंदूपत्ता तुड़ाई पर पाबंदी है वहां खदान शुरू किया जा रहा है। बस्तर में भाजपा सरकार लूट कि नियत से खदानों को साहूकारों को देकर खुदाई कर भोले भाले आदिवासियों का हनन कर रही है। बघेल ने कहाँ है कि नक्सल मुक्त गांवों को एक करोड़ की योजना अव्यवहारिक है क्योंकि इससे ग्रामीणों और मुखियाओं को जान का खतरा हो सकता है। करेगुट्टा ऑपरेशन में बघेल ने कहाँ है कि मारे गए 31 नक्सलियों के शव इतने दिनों तक क्यों रखा गया इसकी पूर्ण जानकारी नही दी गयी। सरकारी कर्मचारियों को नक्सल मामले में जेल भेजा जा रहा है। यहां शासन नाम की कोई चीज नही है अधिकारों का दुरुपयोग किया जा रहा है। भाजपा सरकार की योजनाएं सिर्फ नारों और होल्डिंग्स में है। कांग्रेस सरकार में बनाई गई योजनाओं को भाजपा ने निरस्त कर दिया है ऐसे में विकास की परिकल्पना कैसे की जा सकती है।

### नक्सलियों के हांथों मारे गए लोगों को मुआवजा नहीं दे रही सरकार

भूपेश ने कहाँ है कि नक्सल कार्यवाही में सैकड़ो लोगों को जबरन फंसाया जा रहा है हद्ब की धाराएं भी लगाई जा रही हैं सैकड़ो आदिवासी जेल में हैं पुलिसिया कार्यवाही से डर कर लोग पलायन करने लगे हैं दक्षिण बस्तर में असामान्य स्थिति बनी हुई है हद्ब सिर्फ आंकड़े बताने के लिए गिरफ्तार कर रही है आरोप साबित नही कर पा रही है। सरकार को सभी प्रकरण की जांच के लिए स्वतंत्र जांच टीम गठित किया जाना चाहिए।

## पीएम आवास निर्माण में लापरवाही तीन पंचायत सचिव निलंबित

**रायगढ़, 16 मई।** रायगढ़ जिले में आवास निर्माण की प्रगति को लेकर सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव ने आज खरसिया और तमनार के सीईओ जनपदों के साथ अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, सब इंजीनियर्स, कार्यक्रम अधिकारी, विकासखंड समन्वयक एवं तकनीकी सहायकों की बैठक जिला पंचायत सभाकक्ष में ली।बैठक में समीक्षा के दौरान आवास निर्माण में लापरवाही पाए जाने पर तीन सचिवों को सीईओ जिला पंचायत श्री यादव ने निलंबित कर दिया है। जिसमें जनपद पंचायत खरसिया के ग्राम पंचायत घघरा सचिव श्री राजेश सारथी, ग्राम पंचायत बरगढ़ के सचिव श्री कमलेश्वर राठिया एवं ग्राम पंचायत सूती की सचिव श्रीमती माधुरी सिदार को निलंबित कर दिया गया है समीक्षा बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री यादव ने सभी पंचायतों में चल रहे पीएम आवास निर्माण के प्रगति के बारे में पंचायतवार जानकारी ली।

## 2019 से पूर्व पंजीकृत वाहन में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने परिवहन विभाग लगा रहा शिविर

**रायगढ़, 16 मई।** छत्तीसगढ़ शासन परिवहन विभाग द्वारा 2019 से पूर्व पंजीकृत वाहन में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाए जाने हेतु जारी निर्देशानुसार परिवहन कार्यालय रायगढ़ द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा हैं और जिले के विभिन्न क्षेत्रों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 13 मई को नगर निगम रायगढ़, कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, किरोड़ीमल नगर, बाबा ट्रेवल्स शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम रायगढ़, नगर पंचायत काम्पलेक्स थाना के पीछे लैलूंगा, भवानी कम्प्यूटर घरघोड़ा, राम मंदिर चौक तमनार, स्मार्ट परिवहन सुविधा केन्द्र गर्ग फर्नीचर के पास खरसिया में शिविर का आयोजन किया गया। इसी तरह 14 मई को सिटी कोतवाली रायगढ़, ट्रेफिक थाना रायगढ़, सतीगुडी चौक रायगढ़, कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग रायगढ़ में तथा 15 मई को चक्रधर नगर थाना के सामने एचएसआरपी नंबर प्लेट रजिस्ट्रेशन हेतु शिविर का आयोजन किया गया।इसी क्रम में 16 मई को सुबह 10 बजे से भवानी कम्प्यूटरर्स लोक सेवा केन्द्र घरघोड़ा चौक के निकट में शिविर का आयोजन किया जाएगा। जहाँ एचएसआरपी आवेदन के साथ एचएसआरपी फिट भी किया जाएगा।




## आंगनबाड़ी सहायिका के लिए 30 मई तक आवेदन

**रायगढ़, 16 मई।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ ग्रामीण अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र कुकुर्दा ग्राम पंचायत कुकुर्दा/ तेन्दुडीपा ग्राम पंचायत काशीचुंआ/ कोसमपाली ग्राम पंचायत कोसमपाली में रिक्त सहायिका के एक-एक पद की पूर्ति हेतु 30 मई 2025 तक आवेदन पत्र मंगाए गए है।

आंगनबाड़ी सहायिकाओं की नियुक्ति से संबंधित विस्तृत निर्देश एव नियम शर्तों की जानकारी परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है।

## रिक्त पदों की भर्ती के लिए दावा आपत्ति निराकरण एवं मेरिट सूची जारी

**रायगढ़, 16 मई।** जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत मिशन वात्सल्य के तहत जिला बाल संरक्षण इकाई के रिक्त 2 संविदा पद, किशोर न्याय बोर्ड के रिक्त 1 संविदा पद, बाल संप्रेक्षण गृह के 7 संविदा पद तथा चाईल्ड हेल्प लाईन के 8 संविदा पदों की भर्ती हेतु दावा-आपत्ति का निराकरण सूची एवं पात्र-अपात्र की मेरिट सूची रायगढ़ जिले के कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास रायगढ़ के सूचना पटल में अवलोकन किया जा सकता है।

# छपोरा एवं खड़गांव समाधान शिविर में शतप्रतिशत आवेदनों का निराकरण



**रायगढ़, 16 मई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप जनसामान्य की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करना तथा विकास कार्यों में गति लाने के साथ ही आम जनता, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करने हेतु सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तीसरे चरण में लोगों की समस्याओं के समाधान हेतु कलस्टर स्तर पर समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है ताकि ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं से जोड़ते हुए उनके स्थानीय समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा सके।

आज पुसौर के छपोरा एवं धरमजयगढ़ के खडग़ांव में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। छपोरा में 14 ग्राम पंचायतों के लिए समाधान शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें बाघाडोला, बासनपाली पूर्व, भांटनपाली, बिंजकोट, छपोरा, दर्रामुड़ा, एकताल, गुडू, झलमला, केशला, मिड़मिड़ा, नेतनागर, रेंगालपाली एवं सोड़ेकेला ग्राम पंचायत शामिल रहे। समाधान शिविर में इन पंचायतों से प्राप्त आवेदनों के निराकरण के साथ ही विभागों में संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण लाभान्वित हो सके। इस दौरान आज आयोजित शिविर में मांग एवं शिकायत के आवेदन प्राप्त किए गए जिसका यथासंभव मौके पर निराकरण किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष हेमलता हरिशंकर चौहान, उपाध्यक्ष खीरमति चौहान, डीडीस बृजेश गुप्ता, बीडीसी कृष्णा प्रधान, मुक्तेश्वर पंडा, हेमालिनी प्रकाश गुप्ता सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

धरमजयगढ़ के खडग़ांव में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जानकारी दी गई कि प्रथम चरण के प्राप्त 1444 प्राप्त आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण किया जा चुका है। वहीं आज 204 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर 89 आवेदनों का निराकरण किया गया। इस दौरान पात्र हितग्राहियों को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित किया गया। जिसमें जनपद पंचायत द्वारा दिशा ग्राम संगठन मेडरमार ग्राम पंचायत बायसी कालोनी को सामुदायिक निवेश निधि के रूप में 60 हजार रुपये प्रदान किया गया। समूह के सदस्यों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि आर्थिक सहयोग से समूह को मजबूती मिलेगी। साथ ही अन्य आर्थिक गतिविधियों के संचालन में सहुलियत होगी। इस दौरान 6 हितग्राहियों को पीएम आवास के पूर्णता प्रमाण-पत्र तथा 10 विद्यार्थियों को शिक्षा विभाग द्वारा जाति प्रमाण-पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य पूर्णिमा बैगा, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष शिशुपाल गुप्ता, जनपद सदस्य जयद्रथ राठिया, भरत लाल साहू, एसडीएम धरमजयगढ़ श्री धनराज मरकाम, सीईओ जनपद धरमजयगढ़ मदन साहू सहित विभागीय अधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

